# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 10 जून 2026


कांग्रेस ने कहा-हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, ये वोट चोरी नहीं, सीधे-सीधे सीट चोरी है, मीनाक्षी पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं


एयरपोर्ट पर एकत्र कांग्रेस विधायक






# लीजिए... बिना लहरों पर उतरे ही केवट की 'नैया' पार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

राज्यसभा चुनाव में एक बड़ा उलटफेर हो गया। क्रॉस वोटिंग की आशंका में जब कांग्रेस ने विशेष विमान में अपने विधायकों को बेंगलुरू भेजने के लिए बैठा दिया था। विमान रनवे पर आ गया था। तभी ये खबर आई कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द हो गया है। खबर के बाद सभी विधायक अपने परिजनों के साथ लगेज लेकर रनवे से ही वापस हो गए। इस बड़े घटनाक्रम में रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। भाजपा की ओर से आपत्ति लगाई गई थी कि नामांकन में मीनाक्षी ने तेलंगाना में चल रहे एक केस का उल्लेख न कर जानकारी छिपाई है। इसलिए उनका नामांकन निरस्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस का कहना था कि कोर्ट में लगाई गई एक याचिका के बाद मीनाक्षी को सिर्फ नोटिस दिया गया है। उनके खिलाफ कोई प्रकरण दर्ज नहीं है। कांग्रेस का कहना था कि आपराधिक प्रकरण की जानकारी देना अनिवार्य है, नोटिस की नहीं। बहरहाल, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया।


मीनाक्षी नटराजन

## वेणुगोपाल के साथ कांग्रेस नेता निर्वाचन आयोग में पहुंचे


नामांकन रद्द होते ही खुशी से झूम उठे भाजपा नेता, केवट लाल ड्रेस में

» *उमंग ने कहा, सिर्फ नोटिस मिला था, कोई प्रकरण नहीं*

» *नामांकन में नोटिस की जानकारी देना अनिवार्य नहीं*

» *आमने-सामने आए दोनों दल, जम कर हुआ हंगामा*

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन पर ही किया गया फैसला

भाजपा की ओर से आपत्ति दर्ज कराने वाले अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की जानकारी नामांकन पत्र के शपथ पत्र में नहीं दी गई है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित मामले की प्रति उपलब्ध है और मीनाक्षी उस प्रकरण में जवाब भी प्रस्तुत कर चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने अपने हलफनामे में इसका उल्लेख नहीं किया।

### चुनाव आयोग के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली।** मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद देश की राजधानी में सियासी पारा चढ़ गया है। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पहुंच गए। अंदर जाने की अनुमति न मिलने और किसी भी अधिकारी द्वारा मुलाकात न किए जाने से नाराज नेता आयोग के दफ्तर के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

### भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी

रिटर्निंग अफसर कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जवाबी नारेबाजी की। दोनों पक्षों की मौजूदगी से परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मामले की सुनवाई के दौरान रिटर्निंग अफसर के कक्ष में प्रवेश को लेकर कांग्रेस नेताओं और सुरक्षा कर्मियों के बीच तीखी बहस हो गई।

## निर्विरोध निर्वाचित होंगे भाजपा के तीनों प्रत्याशी!

रिटर्निंग आफीसर के निर्णय के बाद भाजपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशियों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल के साथ महेश केवट का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है। इसमें रुकावट तभी आ सकती है जब किसी तरह अपील के बाद मीनाक्षी का नामांकन वैध मान लिया जाए। ऐसी हालत में तीसरी सीट के लिए मुकाबले के हालात बनेंगे।

### सिंघार बोले- कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं

भाजपा की आपत्ति के जवाब में कांग्रेस ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हैदराबाद की मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पूर्व पार्षद ए श्रीलता द्वारा एक याचिका दायर की गई है, जिसमें कुछ आरोप लगाए गए हैं। मीनाक्षी नटराजन को इसका नोटस जारी किया गया। उन्होंने इसका जवाब दे भी दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्पष्ट किया कि मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। केवल कोर्ट से नोटिस मिलने और किसी व्यक्ति के खिलाफ विधिवत प्रकरण दर्ज होने में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि नामांकन में वही जानकारी देना अनिवार्य होती है, जिसमें किसी प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज हो या आरोप तय किए गए हों। केवल नोटिस जारी होने की स्थिति में ऐसी जानकारी देने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। कांग्रेस की ओर से अधिवक्ता जेपी धनोपिया ने भी निर्वाचन अधिकारी के समक्ष यही तर्क रखा।

कांग्रेस विधायकों को बेंगलुरु ले जा रहा विमान रन वे से लौटा

## पहले तो 4 घंटे बाद मिली उड़ान की अनुमति, फिर टेकऑफ से पहले ही विधायकों को लौटना पड़ा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

कांग्रेस के 38 विधायकों के साथ 75 लोगों को बेंगलुरु ले जा रहा चार्टर्ड विमान भोपाल एयरपोर्ट के रनवे से ही लौट आया। विधायकों को विमान में ही राज्यसभा की कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने की खबर मिल गई। विमान में विधायकों के परिवारजन के अलावा कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे। विमान को अपरान्ह ढाई बजे विधायकों को लेकर उड़ान भरना थी लेकिन एयरपोर्ट अथारिटी द्वारा अनुमति न दिए जाने के कारण यह चार घंटे विलंब से उड़ान भरने को तैयार हुआ। इसके बाद शाम को 22 अन्य विधायकों के बेंगलुरु जाने का कार्यक्रम भी निरस्त हो गया। कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के यहां हुई बैठक में ही बाड़ाबंदी करते हुए पार्टी विधायकों को बेंगलुरू भेजने का फैसला ले लिया था।


### विदेश में उड़ने की अनुमति लेकिन देश में नहीं, गजबः वर्मा

विधायकों के साथ बेंगलुरु जा रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था कि सरकार के इशारे पर हमारे विमान को बेवजह रोका जा रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी पर मोहन सरकार का दबाव है। उनका कहना है कि आपकी ये फ्लाइट विदेश जा सकती है लेकिन देश के अंदर उड़ान नहीं भर सकती। कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि जो फ्लाइट दिल्ली से भोपाल आ सकती है।









जोजिला टनल का प्रवेश द्वार कामयाबी का वो दरवाजा है जो हर एक भारतीय को गौरान्वित करता है

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


सुरंग का जायजा लेते हुए गडकरी

हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के इंजीनियरों ने माइनस डिग्री तापमान में 6 साल के भीतर बना डाली दुनिया की सबसे अनूठी सुरंग

**11,578 फीट की ऊंचाई पर 14.5 किलोमीटर लंबी जोजिला टनल का सफल फाइनल ब्रेक थ्रू ब्लास्ट**

# भारत का 'स्वर्णिम' गौरव

सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेक थ्रू कहा जाता है

- इस ऑल वेदर सुरंग से अब साल भर जुड़ा रहेगा कश्मीर लद्दाख व करगिल से
- बर्फबारी के चलते अभी सात महीने तक सड़क संपर्क रहता था बंद

- *15 मिनट में पूरा होगा एक घंटे से अधिक का सफर*
- *जनवरी-फरवरी 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी*
- *9.5 मीटर चौड़ी व 7.57 मीटर ऊंची है सुरंग*
- *घोड़े की नाल के आकार वाली सुरंग में दो लेन*

एजेंसी ▸▸ जम्मू

भारत के बुनियादी ढांचा विकास के इतिहास में मंगलवार को एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित और सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग में वह बहुप्रतीक्षित ब्रेकथ्रू ब्लास्ट सफल हो गया, जिसका देश को दशकों से इंतजार था। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में निर्बाध और सुरक्षित संपर्क बहाल रखने के लिए निर्माण कार्य अगले चरण में पहुंच जाएगा।

लद्दाख को हर मौसम में कश्मीर और शेष भारत से जोड़ने वाली सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण में मंगलवार को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेकथ्रू कहा जाता है। इस अंतिम सफल विस्फोट के साथ ही सुरंग के दोनों छोर अब पूरी तरह से आपस में जुड़ गए हैं।


कामयाबी की खुशी मेघा इंजीनियरिंग की टीम के प्रत्येक सदस्य के चेहरे थी

## यह न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड से बनाई गई टनल

परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है जिसमें 18 किलोमीटर लंबी एप्रोच सड़कें और पुल शामिल हैं। मुख्य सुरंग बालटाल से मिनीमार्ग तक फैली हुई है और हिमालय की कठिन चट्टानी संरचनाओं को भेदकर बनाई गई है। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) इस सुरंग को बना रहा है। न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से बनाई गई है। अधिकारियों ने इसे भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक बताया है। इसमें सेमी-ट्रांसवर्स वेंटिलेशन सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, रेडियो संचार व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति और स्मार्ट टनल (एससीएडीए) प्रबंधन प्रणाली जैसे अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

### सामरिक नजरिए से अहम है ये सुरंग

सुरंग खुलने से सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की त्वरित तैनाती और रसद आपूर्ति को भी मजबूती की जा सकेगी। अलावा पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। लद्दाख तक निर्बाध आवागमन हो सकेगा। स्थानीय निवासी बशारत अहमद ने कहा कि सुरंग शुरू होने व्यापार और वस्तुओं के आदान-प्रदान को भी नई गति मिलेगी। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजी-2026 की आंसर-की जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी-2026 की



प्रोविजनल आंसर-की, क्वेश्चन पेपर और रिकॉर्ड किए गए रिस्पॉन्स आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल हुए छात्र पोर्टल पर जाकर इन्हें चेक कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को किसी उत्तर पर संदेह है, तो वह 11 जून 2026 की रात 10:00 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### सोने की कीमत बढ़ी, 1.60 लाख रु. के पार पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। कमजोर



अमेरिकी डॉलर और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी के चलते सोने के दाम में लगभग 1,500 रुपए प्रति 10 ग्राम का उछाल आया। सराफा कारोबारियों के अनुसार 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना अब 1,60,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। यह सोमवार के बंद भाव 1,58,800 रुपए की तुलना में अधिक है।

इंदौर में ब्रिक्स कृषि सम्मेलन शुरू, यह 13 जून तक चलेगा

# भारत-रूस में कृषि में इनोवेशन बढ़ाने और जलवायु संकट से निपटने पर जोर

ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ने से कृषि व्यापार, तकनीक और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिसका लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इंदौर में ब्रिक्स सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया। यह 9 से 13 जून तक चलेगा। पहले दिन भारत व रूस के बीच कृषि विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव ने किसान-केंद्रित और टिकाऊ कृषि विकास को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग को मजबूत करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और जलवायु के प्रति लचीलापन (क्लाइमेट रेजिलिएंस) बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता भारत के जिम्मे है।

भारत की अध्यक्षता में इंदौर में 5वीं ब्रिक्स एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप बैठक के पहले दिन सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सदस्य देशों के बीच प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस और रचनात्मक चर्चा हुई, जिनमें खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका, कृषि व्यापार और सहयोग, तथा पुनर्योजी (रिजनरेटिव) और जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना शामिल था। इन चर्चाओं में कृषि प्रणालियों को मजबूत करने और ब्रिक्स देशों में समावेशी व टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता दिखाई दी।

सम्मेलन में 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी हो रहे शामिल



दुनिया 20 देशों के प्रतिनिधि मंथन करते हुए

- *खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर भी मंथन*
- *अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और संकटों का असर कृषि क्षेत्र पर भी*

### द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना होगा

अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स के महत्वपूर्ण सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट्स भाग ले रहे है। पहले सत्र में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। चर्चा का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, कृषि व्यापार का विस्तार करना और सतत कृषि विकास को गति देने के लिए तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना था।

### प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर इंदौरी खानपान का स्वाद चखा

सम्मेलन में शामिल होने के लिए सोमवार को साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया और इथोपिया के डेलीगेट्स इंदौर पहुंचे। इन विदेशी प्रतिनिधियों ने शहर की प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर इंदौरी खानपान का स्वाद चखा।

### किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर फोकस

ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों और प्रतिनिधियों की बैठक वैश्विक कृषि परिदृश्य, खाद्य सुरक्षा, कृषि नवाचार और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगी। प्रतिनिधिमंडलों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और संकटों का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ने से कृषि व्यापार, तकनीक और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिसका लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को भी मिलेगा। सम्मेलन के दौरान कृषि नवाचार, आधुनिक तकनीक, सतत कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर विभिन्न तकनीकी सत्र और विशेषज्ञ परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी।

भारत का बड़ा और ऐतिहासिक कदम

# 12 रेडी टू फायर परमाणु हथियार तैनात, पल झपकते ही दुश्मन को कर देंगे तबाह

भारत की नीति 'नो फर्स्ट यूज' का दुश्मन देश नहीं उठा पाएगा फायदा


एआई इमेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अपनी दशकों पुरानी नीति में बदलाव करते हुए पहली बार 12 परमाणु वारहेड तैनात किए हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब भारत के हथियारों के जखीरे को सिर्फ जमा करके रखने के बजाए, ऑपरेशन के लिए तैनात (ऑपरेशनली डिप्लॉयड) माना गया है। जमीन के नीचे बने मिसाइल साइलो और नई परमाणु पनडुब्बियों में तुरंत इस्तेमाल के लिए तैयार परमाणु हथियारों को तैनात करना, बढ़ी हुई तैयारी का संकेत देता है।

### सेकंड स्ट्राइक क्षमता होगी अचूक

भारत की नीति नो फर्स्ट यूज (पहले परमाणु हमला न करना) की है। इसका मतलब है कि भारत पर हमला होने के बाद ही वह जवाबी कार्रवाई करेगा। अगर दुश्मन देश भारत के जमीनी ठिकानों को नष्ट भी कर दे, तो समुद्र की गहराई में छिपी भारतीय परमाणु पनडुब्बियों पर तैनात ये 12 रेडी-टू- फायर परमाणु हथियार दुश्मन को तुरंत और पूरी तरह तबाह कर सकते हैं।

मृतक चार बहनों का इकलौता भाई था

# दुखद: बहन की डोली से पहले उठी भाई की अर्थी

- नाश्ते का सामान लेने गया, भैंस से टकराई बाइक
- शादी की खुशियां मातम में बदली, सभी रस्में रोकी


भीम अहिरवार (मृतक)

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

मध्यप्रदेश के छतरपुर में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब दुल्हन के 14 वर्षीय छोटे भाई भीम अहिरवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। मंगलवार सुबह बहन की विदाई होनी थी, लेकिन उससे पहले ही घर में फेरे रुक गए और डोली की जगह भाई की अर्थी उठानी पड़ी।


तिरंगा फहराने पहाड़ पर चढ़ी (इंसेट में) दीपिका

अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो पर फहराया तिरंगा

# मप्र पुलिस की महिला इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने रचा इतिहास

ऐसा करने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह कर नया इतिहास रच दिया है। वह इस विश्व प्रसिद्ध पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाली एमपी पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। भोपाल स्थित एससीआरबी पीएचक्यू में पदस्थ दीपिका ने 29 मई को करीब 5,895 मीटर ऊंचे इस ज्वालामुखी पर्वत पर तिरंगा फहराया। इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में वह भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं।

शादी समारोह या जन्मदिन, सीमित करना होंगे मेहमान

# 100 लोगों को घर बुलाया तो तीन दिन पहले लेनी होगी नगर निगम से अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल के आईएसबीटी स्थित निगम के मीटिंग हॉल में मंगलवार को ठोस अपशिष्ट एवं प्रबंधन के नए नियमों पर प्रजेंटेशन दिया गया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की


फाइल फोटो

मौजूदगी में एक्सपर्ट अतुल खरे ने बताया कि खुले में कचरा फेंक या जलाया तो निगम सख्ती करते हुए जुर्माना करेगा। बिना निगम की अनुमति से यदि 100 लोगों का कार्यक्रम भी कर रहे हैं तो निगम को 3 दिन पहले जानकारी देना होगी।

**आज अरब सागर में आगे बढ़कर मुंबई पहुंच सकता है मानसून, बंगाल की खाड़ी में भी बढ़ा आगे**

गर्मी के तेवर तीखे हैं और लोगों को राहत भरे मानसून का इंतजार है

# मानसून के पहले सीजन की आखिरी लू चली तीन दिन बाद होगी कई जिलों में तेज बारिश

- भोपाल में 10 दिन बाद इतनी गर्मी
- 15 जिले 42 से 43 डिग्री के बीच पहुंचे
- दतिया 44 और खजुराहो में पारा 46 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को गर्मी के तेवर तीखे हो गए। दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री की घट-बढ़ के साथ भोपाल में 10 दिन बाद पारा 40 डिग्री पर रहा, जबकि करीब 15 जिलों में 42 से 43 डिग्री तक गर्मी रहने से लू जैसी स्थिति रही। खजुराहो में सर्वाधिक


जबलपुर में दोपहर तेज बारिश, कुछ जगह पेड़ गिरे

46 डिग्री दर्ज हुआ। यहां लू का असर रहा। दतिया में 44 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में औसत पारा 40 डिग्री रहने से तेज गर्मी महसूस की गई। मंगलवार को प्रदेश में मानसून से पहले यह आखिरी लू चली है। इसके बाद अगले 2 से 3 दिन में अधिकांश जिलों में मौसम बदलने से पारा तेजी से गिरेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले एक-दो दिन पारा और बढ़ेगा।

### गर्मी के तेवर यहां तीखे

मंगलवार को करीब 7 जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहा, जबकि 8 जिले 41 से 42 डिग्री तक रहे। कुल करीब 15 जिलों में पारा 41 से 43 डिग्री के बीच रहा है। इनमें गुना, ग्वालियर, राजगढ़, मंडला, नौगांव, रीवा, सतना और टीकमगढ़ जिलों में 42 से 43 डिग्री तक दर्ज हुआ। भोपाल में 30 मई के बाद सर्वाधिक पारा 40 डिग्री दर्ज हुआ है। यह इस मानसून सीजन में सर्वाधिक पारा है। इससे पहले 30 मई 2026 को यहां 40 डिग्री रहा है।

जबलपुर
बुधवार 10 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -10
वर्ष : 21, अंक : 41
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 34
न्यून. 25
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



8 भारत बढ़ा रहा अपनी परमाणु शक्ति
मैट्रो
14 बाघ बचाने के दावे, मौतों के बढ़ते साये...

27 लोगों को गोली मारने के बाद अब पाकिस्तानी सेना ने जनाजे में शामिल लोगों पर की फायरिंग

# पाक सेना ने पीओके में किया 'नरसंहार', 150 लोगों की मौत का दावा, भारत बोला- बेशर्म देश

*पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है*



जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग करती पाक सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों के बीच खूनी संघर्ष में 150 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस घटना के बाद से पाकिस्तान द्वारा कब्जा किए गए जम्मू-कश्मीर (पीओके) में तनाव बढ़ गया है। इलाके में हो रहे प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है। बताया जा रहा है कि शाहजेब के जनाजे में शामिल लोग पाकिस्तानी सेना और शहबाज सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कमेटी का आरोप है कि सुरक्षाबलों ने मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद लोगों के बीच भारी गुस्सा है। उससे पहले सेना ने 27 लोगों को गोली मार दी।

## पाक सेना मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गई



पाकिस्तानी सेना के खिलाफ ज्वॉइंट अवामी एक्शन कमेटी प्रदर्शन करते हुए

## चुनाव से पहले लोगों ने रखी मांगें

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जुलाई के महीने में चुनाव होने वाले हैं। लोगों की प्रमुख मांगों में उन 12 आरक्षित सीटों को समाप्त करना शामिल है, जो जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों के लिए विधानसभा में निर्धारित हैं। इन 12 सीटों के कारण गैर-स्थानीय लोग पीओके की राजनीति को प्रभावित करते हैं। पाकिस्तान की बड़ी राजनीतिक पार्टियां इस क्षेत्र की सरकारों को नियंत्रित करने में सफल हो जाती हैं। इसके अलावा, सस्ती बिजली, आर्थिक सुधारों, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं की भी मांग की जा रही है, जो लंबे समय से इस इलाके का मुद्दा रहे हैं। पाकिस्तान की सरकार ने इस खास इलाके को नजरअंदाज कर रखा है।

मुनीर की बर्बरता पर भारत की दो टूक

## मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए पाक को जवाबदेह ठहराए अंतरराष्ट्रीय समुदाय



रणधीर जायसवाल

*भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान हटाने के लिए फ़ेक न्यूज़ और गलत जानकारी फैला रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान से आने वाली फ़ेक न्यूज़ और वीडियो का एक पैटर्न देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने की एक हताश कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर में पुलिस की गंभीर बर्बरता की खबरें हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कश्मीरी प्रदर्शनकारियों पर दमनात्मक कार्रवाई की है। इस संवेदनशील हालात पर चिंता जताते हुए 50 से अधिक ब्रिटिश सांसदों ने विदेश मंत्री यवेट कूपर को पत्र लिखा है।*










एक्स-शोरूम कीमत# ₹89,611
5 YEAR WARRANTY
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000* तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh. ^T&C Apply.
TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, मैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा मॉं ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 8305809514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुवन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI

## शिक्षा मंत्री का राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मुख्यालय का दौरा

# पुनर्परीक्षा की तैयारियों का प्रधान ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था गोपनीयता और साइबर सुरक्षा उपायों को परखा, निर्देश जारी किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा कर नीट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने एनटीए अधिकारियों के साथ बैठक की और परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होनी है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।




### राज्यों से अतिरिक्त सहयोग मांगा



### एनटीए में नए अधिकारियों की तैनाती

*प्रधान ने बताया कि एनटीए की संस्थागत क्षमता को मजबूत करने के लिए कई नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी और नए दोनों तरह के अधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं।*

### सचिवों संग की बैठक, सभी मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

प्रधान ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक भी आयोजित की गई है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारों ने पहले भी सहयोग किया है, लेकिन इस बार और अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। उनका पहले भी सहयोग रहा है, इस बार थोड़ा अधिक ध्यान दिया जाए। अनेक राज्य के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्य के नीजी और चीफ सेक्रेटरी की उपस्थिति में कलेक्टर, एसपी की मीटिंग शुरू की हैं। इसमें एनटीए के डीजी स्वयं जुड़ते हैं। बारी-बारी से राज्यों की प्रस्तुति हो रही है।

### पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई होगी

नीट पेपर लीक मामले पर प्रधान ने कहा कि जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सरकार चाहती है सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उनकी भूमिका की जांच की जाए और अदालत में शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कर उन्हें उदाहरणात्मक सजा दिलाई जाए। जिन एजेंसियों या पक्षों ने अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की संभावनाओं की भी जांच की जा रही है।

### गृह सचिव करेंगे उच्च स्तरीय बैठक

प्रधान ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की है तथा शाम को स्वास्थ्य मंत्री से भी बैठक करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र भी पूरे मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है।

### साइबर संसाधनों का भी होगा उपयोग

प्रधान ने कहा कि साइबर खतरों और अफवाहों से निपटने सरकार संसाधनों का उपयोग कर रही है। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की साइबर क्षमताओं को भी शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री भी कर रहे निगरानी

प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं नजर रखे हुए हैं। उपिछली कमियों से सबक लिया गया है और इस बार परीक्षा प्रक्रिया को अधिक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है।

### छात्रों से की ये अपील

प्रधान ने कहा कि मैं छात्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे सिर्फ अपनी तैयारी पर ध्यान दें।

## खबर संक्षेप

### बीकानेर में 6 प्रसूताओं की किडनी फेल!

**बीकानेर।** राजस्थान में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोटा में प्रसूताओं की मौत और गंभीर संक्रमण के मामलों के बाद अब बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आया है। सभी महिलाओं को डायलिसिस पर रखा गया है।



### नहीं होंगे टू फिंगर टेस्ट झारखंड हाईकोर्ट बोला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रेप पीड़िताओं के लिए कानूनी और सामाजिक हालात बेहतर बनाने और समाज से पीड़ित को ही दोषी की नजर से देखने वालों की सोच बदलने के लिए राज्य सरकार को कई निर्देश जारी किए। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जीरो एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य करने को कहा। पीड़िताओं के लिए टू-फिंगर टेस्ट पर पूरी तरह रोक लगा दी है।



### ठाणे में टायर के गोदाम में लगी भीषण आग

**पुणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के पास टायर रखने वाले खुले गोदाम में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि आग की सूचना सुबह 11:51 बजे मिली। यह दहिसर मोरी इलाके में शील दाइघर पुलिस स्टेशन के पीछे है।



### लक्षद्वीप में शराब बिक्री को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** करीब 47 साल तक शराबबंदी लागू रहने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में अब नियंत्रित और लाइसेंस आधारित शराब बिक्री की इजाजत दी जाएगी। केंद्र ने 1979 से लागू लक्षद्वीप निषेध विनियमन को समाप्त कर दिया है और नया लक्षद्वीप आबकारी विनियमन-2026 लागू किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कानून की तारीख जल्द जारी होगी।



### मोदी कैबिनेट में 12 मंत्रियों के फेरबदल की चर्चा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही एनडीए सरकार में कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हैं। इस बार कई केंद्रीय मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं।अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन मंत्रालयों में बड़े बदलाव होंगे, लेकिन खबर है फेरबदल की सूची में 12 मंत्रियों के नाम हो सकते हैं। सरकार अपनी टीम को और मजबूत बनाने की तैयारी कर रही है।



## कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मी भी रहे शामिल

# कोलकाता में वारंट लेकर सीआईडी की टीम पहुंची दीदी के घर, तलाशी की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर है कि सीआईडी की एक टीम मंगलवार को टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि कालीघाट स्थित निजी आवास पर सीआईडी की टीम पहुंची है। टीम तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी को नोटिस देने पहुंची है। ममता इस वक्त दिल्ली में हैं और सोनिया गांधी से मुलाकात करने उनके आवास गई थीं। सीआईडी अधिकारी कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर के आसपास टीएमसी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंचे। सीआईडी ने इससे पहले विपक्ष के नेता के रूप में शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नामित किए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए प्रस्ताव पर टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर किए जाने से जुड़े मामले के सिलसिले में जानकारी मांगते हुए पार्टी नेताओं को नोटिस जारी किए थे।

### टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित जाली हस्ताक्षर करने का मामला


आवास के सामने सीआईडी

### कार्यालय प्रबंधन से बहस भी हुई

सीआईडी अधिकारियों ने बताया कि टीएसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक की ओर से नोटिस के जवाब में दिए गए जवाब के आधार पर परिसर की तलाशी लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभिषेक ने अपने जवाब में कहा कि विधायकों के हस्ताक्षर पार्टी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में लिए गए थे। इसी के आधार पर हम जांच के सिलसिले में यहां आए हैं। अधिकारी ने कहा कि जांच टीम को परिसर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके चलते कार्यालय का प्रबंधन करने वालों के साथ संक्षिप्त बहस हुई।

### मामला विवादास्पद पत्र के कारण बढ़ा

यह मामला 19 मई को विधानसभा सचिवालय में जमा किए गए एक विवादास्पद पत्र से जुड़ा है, जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता के रूप में नामित किया गया था। पत्र पर तृणमूल के लगभग 70 विधायकों के हस्ताक्षर होने की बात कही गई है। बागी विधायकों रिताब्रता बेनर्जी और संदीपन साहा की शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि पत्र पर मौजूद कुछ हस्ताक्षर जाली थे, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज की गई और सीआईडी जांच शुरू की गई।

### ममता गुट के कल्याण का दावा

### शाह के बुलावे पर दिल्ली गए यूसुफ

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब और खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख के बीच अब पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद यूसुफ पठान का नाम भी विवाद के केंद्र में आ गया है। ममता के करीबी नेता कल्याण बनर्जी ने दावा किया है कि यूसुफ अमित शाह के फोन आने के बाद दिल्ली गए थे। वहीं बागी नेता काकोली घोष दस्तीदार लगातार यह दावा कर रही हैं कि उनके साथ बड़ी संख्या में सांसद हैं और पार्टी के भीतर असंतोष गहरा चुका है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो सांसद भाजपा नेता भूपेंद्र यादव के घर गए, उन्होंने साफ तौर पर भाजपा का साथ चुन लिया है।

### अभिषेक रहे अनुपस्थित

*टीएमसी के पूर्व सांसद शुभाशीष चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभिषेक की गैरमौजूदगी में तलाशी का विरोध किया। हमने अभिषेक की गैरमौजूदगी में सीआईडी को परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। अभिषेक के आने के बाद सीआईडी परिसर की तलाशी ले सकती है।*

### 24 घंटे में सोनिया से दूसरी बार मिलीं ममता, कई मुद्दों पर की चर्चा

इंडिया गठबंधन की बैठक के एक दिन बाद मंगलवार को बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात हो रही है। बंगाल की बिधाननगर उत्तर पुलिस ने बिधाननगर नगर निगम के पूर्व महापौर सब्यसाची दत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक व्यापारी से एक करोड़ की मांग करने और उसे धमकाने का आरोप है। इस दौरान कई मुद्दों पर बात करने की खबर है।



## सुखेंदु ने सांसद पद से दिया इस्तीफा, बोले

# टीएमसी चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी, ट्वीट के लिए तलब किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी छोड़ने और राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा देने पर सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि यह चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी है। अराजक है। आरजी कर की घटना ने मुझे फैसला लेने में मदद की। अगर मैं तब पार्टी छोड़ देता, तो कॉन्ट्रैक्ट किलर्स मेरी हत्या कर सकते थे।



जब आरजी कर की घटना हुई, तो लोग सड़कों पर उतर आए। मैंने अपने राजनीतिक करियर में ऐसा कुछ कभी नहीं देखा था और मैंने इस बारे में आवाज उठाई। मैंने कहा कि इसमें शामिल सभी लोगों को फांसी दी जानी चाहिए, मैंने एक ट्वीट भी किया और विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुआ, तब मेरे ट्वीट के लिए मुझे तलब भी किया गया था। दनता के ऐतिहासिक फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार कर मैंने इस्तीफा दिया।

### टीएमसी समर्थक बोले- वो सभी गद्दार और सत्ता के भूखे

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब खुली राजनीतिक जंग में बदलती दिखाई दे रही है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख अपनाने के बाद ममता बेनर्जी के करीबी नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने बागी नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें गद्दार, सत्ता का भूखा और भाजपा से जुड़ा हुआ बताया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी को कमजोर करने के लिए अंदरूनी टूट कराने की कोशिश कर रही है।

### दत्ता की पेशी, लोगों ने फेंके टमाटर-अंडे


लोगों का विरोध

टीएमसी के नेता सब्यसाची दत्ता को रंगदारी और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें मंगलवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के रायगाछी स्थित उनके घर से हिरासत में लिया। कोर्ट ले जाते समय कुछ लोगों ने उनके ऊपर अंडे और टमाटर फेंके, जिससे वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

### टीएमसी नेता जहांगीर को 5 दिन की पुलिस कस्टडी

बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता से टीएमसी के नेता जहांगीर खान को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किए गए जहांगीर खान को आज डायमंड हार्बर कोर्ट में पेश किया गया।

## तेलंगाना के सीएम रेड्डी का दावा

# दिल्ली, मुंबई ,बेंगलुरु में दिक्कतें हैदराबाद बनेगा 'ग्लोबल सिटी'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि हैदराबाद को एक बेहतर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने शहर के विकास को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की नई इमारत की नींव रखने के बाद रेड्डी ने कहा कि देश के बड़े शहर अलग-अलग समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण, मुंबई में बाढ़ और बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में ट्रैफिक की समस्या है। हैदराबाद के बढ़ते आकार को देखते हुए शहर को तीन हिस्सों में बांटा गया है- ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन , साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन और मलकाजगिरी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन। यह कदम भविष्य की आबादी और शहर के विस्तार को ध्यान में रखकर उठाया गया है। साइबराबाद क्षेत्र को एक बड़ा टेक हब बनाया जा सकता है।



## दिल्ली अग्निकांड में नया खुलासा

# टी ब्रेक, चालू छोड़ा ऑयल फ्रायर सूचना में देरी से गईं कई 'जानें'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लोरिश स्टे होटल में 3 जून को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में कई गंभीर लापरवाही सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक छोटी सी चाय की चुस्की, एक लावारिस छोड़ा गया तेल फ्रायर और आग लगने के बाद भी किसी को सूचित न करने वाले रसोइए की निष्क्रियता, इस भयावह त्रासदी के पीछे की कड़वी सच्चाई है।

आग की शुरुआत होटल के किचन में तब हुई जब रसोइया केशव नेगी चाय बना रहा था। उसने तेल से भरे फ्रायर को चालू छोड़ा और चाय पीते समय उसे भूल गया। तेल का तापमान ऑटो-इग्निशन बिंदु तक पहुंचा, उसने आग पकड़ ली, जिससे छत में आग लग गई और पूरे होटल में फैल गई। आग लगने के कारणों को और स्पष्ट करने के लिए, दिल्ली पुलिस आईआईटी दिल्ली की मदद लेने की तैयारी कर रही है।

## देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

# उपराष्ट्रपति ने कहा नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं, लोगों की सोच सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं में धन की कमी सबसे बड़ी बाधा नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण सबसे बड़ी चुनौती हैं।उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने यह बात कही।



### मुख्य बातें

- *राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर।*
- *'जल संचय जन भागीदारी' को सराहा। अभियान के दूसरे चरण में 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई या दर्ज की गई हैं, जो लक्ष्य से अधिक हैं।*
- *केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक और गोदावरी-कावेरी लिंक जैसी प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।*

### जल संकट कम होगा

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नदियों को जोड़ने से जल संकट कम होगा, सूखे से निपटने में मदद मिलेगी, सिंचाई क्षेत्र बढ़ेगा और देश के विभिन्न हिस्सों में संतुलित विकास संभव होगा। उपराष्ट्रपति ने केन-बेतवा जैसी अहम परियोजनाओं पर वृत्तचित्र और स्थायी रिकॉर्ड तैयार करने का सुझाव दिया।

## मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनीं

### मौसम विभाग ने देश को दी खुशखबर

# बिहार व छग की दहलीज पर पहुंचा मानसून, 5 दिन होगी झमाझम वर्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि बंगाल की खाड़ी की शाखा वाला मॉनसून बिहार की दहलीज तक पहुंच गया है।दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे पूर्वोत्तर में पहुंचने के बाद अब बिहार की तरफ बढ़ते हुए पूरे सिक्किम और हिमालयी पश्चिम बंगाल को ढंक चुका है। उसका अगला पड़ाव पूर्वी बिहार और छग होगा। बिहार-झारखंड और बंगाल में मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं और 1-2 दिन में यह इन राज्यों में दस्तक दे सकता है।




कोच्चि में बारिश से बचते लोग

### इन राज्यों में होगी व्यापक बारिश

*मानसून की रफ्तार और सक्रियता को देखते हुए आईएमडी ने कहा है कि 9 से 15 जून तक पूर्वोत्तर और दक्षिण के कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 9 से 15 जून के दौरान व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इन राज्यों के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी पूरे सप्ताह झमाझम बारिश के आसार जताए गए हैं। गंगीय पश्चिम बंगाल में 10-12 जून, ओडिशा में 11-12 जून, बिहार में 11 जून और झारखंड में 12-13 जून को व्यापक बारिश हो सकती है।*

### आगे बढ़ने की पूरी संभावना

*आईएमडी ने कहा है कि इसकी उत्तरी सीमा 9 जून को हरनई, सोलापुर, कालाबुरगी, नंदीयाल, चेन्नई और सिलीगुड़ी जैसे क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 4-5 दिन के दौरान मानसून के महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं।*

## मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

# दरगाह पर वक्फ बोर्ड की मनमर्जी नहीं चलेगी, दावा खारिज किया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश में जहां-तहां, नए-पुराने दरगाहों को लेकर विवाद कोई पुराना नहीं हैं। ऐसी जगहों पर वक्फ बोर्ड अक्सर दावा करता आया है। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट के हाल में सुनाए एक फैसले से वक्फ बोर्ड को बड़ा झटका लगा है।

हाईकोर्ट ने ऐसी संपत्तियों से जुड़े विवादों पर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भूमि पर दरगाह, कब्र या धार्मिक स्थल का होना मात्र उसे स्वतः वक्फ संपत्ति नहीं बना देता। मामला तमिलनाडु राज्य से जुड़ा है। यहां के ट्रिप्लिकेन के कामराज रोड पर स्थित एक दरगाह मामले में अपीलकर्ता ने दावा किया कि यह जमीन वैसे तो यह जमीन लोक निर्माण विभाग की थी और उसे कभी भी विधिवत वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया गया है। वक्फ बोर्ड ने इसे अपनी संपत्ति मानते हुए उन्हें मुतवल्ली न मानते हुए, एक अलग व्यक्ति को नियुक्त किया है।



हरिभूमि
# जबलपुर भूमि
जबलपुर, बुधवार 10 जून 2026
login : www.haribhoomi.com


### तनिक सी बारिश ने खोली दावों की कलई, नाले उफनाए, शहर अंधेरे में डूबा
## बारिश ने दी राहत, तो बिजली व्यवस्था ने बढ़ाई आफत



**जबलपुर।** मंगलवार की शाम करीब एक घंटे हुई तेज बारिश ने एक बार फिर शहर की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी। कचरे से भरे नाले नालियां उफना गईं। कूड़ा कचड़ा सड़कों पर बिखर गया। हवाओं के चलने से पेड़ पौधों की डालियां हवा में झूलती हुई विद्युत लाईनों से टकराईं और कई क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गईं। तनिक सी बारिश ने सफाई व्यवस्था और विद्युत मेंटेनेंस की पोल खोलकर रख दी। शहर के अति व्यस्ततम मार्ग निवाड़गंज, सब्जी मंडी, गल्ला मंडी, बड़ा फुहारा, सिविक सेंटर, गंजीपुरा, गोलबाजार पानी पानी हो गया और गंदगी फैल गयी। वहीं कई क्षेत्र अंधेरे मे डूबे रहे।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा एक माह पहले से वर्षा पूर्व तैयारियां की जा रही थीं। नाला नालियों की सफाई के दावे किये जा रहे थे। लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि सड़कों की सफाई भी ठीक ढंग से नहीं हो पाई। इसी प्रकार विद्युत कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मरों के रखरखाव और विद्युत लाईनों के मेंटेनेंस का दावा किया गया। हवा में झूलती लाईनें तनिक सी हवा में चिंगारी छोड़ती नजर आती हैं। कल शाम भी ऐसा ही हुआ, तेज हवाओं के चलने से गढ़ा, शांतिनगर, सिविल लाईन, अधारताल, विजय नगर, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, गोलबाजार, गढ़ाफाटक, बड़ा फुहारा, गढ़ा, रांझी, अधारताल क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई और नालियों में भरा कचरा सड़क पर आ गया। नगर निगम द्वारा दिखावे के लिये नालों की सफाई तो कराई गई पर नियमित सफाई नहीं हो सकी और कचरे से पटे नाले जल्दी से उफना गये। इसी तरह वर्षों से गली मोहल्लों की नालियां साफ नहीं हुईं, उनमें चोक नालियों के कारण जल प्लावन हुआ। जिन क्षेत्रों में हाल ही में नाले साफ कराये गये थे, वहां कचरों के ढेर नहीं उठाये गये, जो पानी में बिलबिला गये।

### दोपहर बाद चली तूफानी हवाएं

मौसम विभाग की चेतावनी सही साबित हुई। जिले में दोपहर बाद अचानक बादल गरजे और आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक बारिश होती रही। इस दौरान कुल 9 मि.मी. बारिश दर्ज की गई ।

### बारिश से मिली राहत, शाम सुहानी

बारिश ने जहां लोगों को 40डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी से राहत दी, शाम सुहानी हो गई थी, लेकिन शहर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गईं। 40 से 50 किलोमीटर की तूफानी रफ्तार से चली हवाओं ने कई इलाकों में पेड़ गिरे, विद्युत लाईनें टूटी और विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई। विद्युत विभागों में शिकायतों का अंबार लग गया। आंधी से तार टूटने के कारण शहर के आधे से ज्यादा हिस्से में 4-5 घंटे बिजली गुल रही। अस्पताल और जरूरी सेवाएं जनरेटर पर चलीं।

### आधा दर्जन स्थानों पर पेड़ गिरे

नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार चेरीताल में नाना नानी पार्क के पास, सिविल लाईन इलाहाबाद बैंक के पास, एमएलबी स्कूल के समीप, राईट टाउन, गौरीघाट रोड सुखसागर वैली के पास दो पेड़ और गौरीघाट थाने में लगाए गए वृक्ष गिर गए। इनसे यातायात बाधित हुआ, कोई जनहानि नहीं हुई। इसी तरह कटंगा चौराहे पर बेसमेंट में पानी भर गया। नगर निगम की टीमें पानी निकासी और वृक्षों को हटाने में जुटी रही। बिजली विभाग का कहना है कि 80 प्रतिशत फीडर रात 11 बजे तक चालू कर दिए जाएंगे।

### कई क्षेत्रों में जलप्लावन

निचले इलाकों सिविक सेंटर, श्रीनाथ की तलैया, गढ़ा पुरवा, रांझी पुरानी बस्ती, मदनमहल अंडर ब्रिज, आमनपुर, चेरीताल, दमोहनाका, दीक्षितपुरा, बल्देवबाग, अग्रवाल कालोनी, संगम कालोनी, में सड़कों पर 1 से 2 फीट पानी भर गया। वाहन फंसे, पैदल चलना मुश्किल हुआ।

### राहत के साथ आफत

स्थानीय मौसम विज्ञान से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री-मानसून गतिविधि के चलते बारिश हुई जो 9 मिलीमीटर दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.00 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 28.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 61 प्रतिशत और सायंकाल 82 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 और सूर्यास्त 6.56 बजे हुआ। जबकि गत वर्ष के आज के दिन अधिकतम तापमान 42.06 और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था। पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में तेज हवाओं के साथ गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

### पनागर में साइबर ठगी के 2 मामले दर्ज
## सायबर ठगों ने 2 खाते से निकाले पौने 4 लाख रुपए

**जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत अज्ञात जालसाजों ने दो अलग - अलग वारदातों में एक महिला के बैंक खाते से एक लाख रूपये तथा एक युवक के बैंक खाते से पौने तीन लाख साफ कर दिये । दोनों प्रकरणों में धारा 318 (4) बीएनएस व 66 डी आई टी एक्ट के तहत मामल दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पानी की टंकी पनागर निवासी श्रीमति मनीषा चौरसिया का खाता बैंक आफ इंडिया पनागर शाखा में है। जिससे उसका मोबाइल लिंक है। कभी कभार उसका मोबाइल लड़की भी चलाती है। मोबाइल फोन पे एप से मनीषा पैसों का लेनदेन करती है। गत 23 अप्रैल की शाम 5 बजे खाते से 80 हजार व 20 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन का मैसेज आया। उसने बैंक जाकर पता किया तो बैंक में सात दिन बाद आने कहा गया । सात दिन बाद बैंक गई तो कहा कि सर्वर



डाउन चल रहा है। किसी जालसाज ने छलपूर्वक मनीषा के खाते से एक लाख निकाल लिये थे।

इसी तरह ग्राम उमरिया पठरा निवासी धर्मेन्द्र काछी भी साइबर ठगी का शिकार हो गया । धर्मेंद्र काछी का खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा पनागर में है । जिससे उसका मोबाइल फोन लिंक है। मोबाइल से वह गूगल पे व फोन पे एप से पैसों का लेनदेन करता है। गत तीन जून को वह जबलपुर गया था। जहां उसे गाड़ी की सर्विसिंग कराने के लिये उसे 200 रूपये देने थे। जब उसने ट्रांजेक्शन करने का प्रयास किया तो ट्रांजेक्शन नही हुआ । कुछ देर बाद मैसेज आया कि आपका ट्रांजेक्षन एक लाख सें ज्यादा हो गया है। धर्मेन्द्र ने यह घटना यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक को बताई तो उसने बताया कि गत 3 जून को किसी ने उसके खाते से पांच बार में दो लाख 74 हजार रूपये निकाल लिये हैं।

## कार पर गिरा पेड़, चालक बाल-बाल बचा

**जबलपुर।** मंगलवार की दोपहर जब तेज हवाओं के बीच बारिश शुरु हुई तो एमएलबी स्कूल के पास से गुजर रही एक कार पर अचानक पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि कार में सवार कार चालक बाल-बाल बच गया। इस हादसे में वहां खड़ी एक अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस हादसे में कार क्रमांक एमपी 20 जेड 04485 और एक अन्य कार जो वहां पहले से खड़ी थी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना ने वर्षा पूर्व मेंटनेंस के दावों की कलई भी खोल दी। न कमजोर वृक्ष चिन्हित किए गए और न ही निमार्ण कार्य और न ही पेड़ों की छटांई की गई, जिससे कमजोर वृक्षों की शाखाएं बिजली तारों में गिरी और बिजली व्यवस्था भी छिन्न भिन्न हो गई।



## इंदौर के व्यापारी से 2 लाख लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** थाना माढ़ोताल पुलिस ने इंदौर से उधारी की रकम लेने आए व्यापारी से हुई 2 लाख रुपये की लूट का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की राशि में से 1 लाख रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त दो दोपहिया वाहन एवं एक चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इंदौर निवासी अभय कुमार सिंह अपने साथी के साथ 6 जून को उधारी के 2 लाख रुपये लेकर जबलपुर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान एक परिचित युवक के माध्यम से बस स्टैंड छोड़ने के बहाने उसे



सर्विस रोड पर ले जाया गया, जहां पहले से घात लगाए आरोपियों ने मिर्च पाउडर फेंककर हमला किया और मारपीट कर रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए राजेंद्र पटेल, शरद बेन, बृजेश उर्फ बिज्जू अन्ना बेन, आलोक पांडे और रोहन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने साथी पियूष पटेल के साथ मिलकर योजना बनाकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 1 लाख रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल और एक चाकू जब्त किया है। फरार आरोपी पियूष पटेल की तलाश जारी है।

## ननि ने गंदगी फैलाने वालों से वसूला 48 हजार जुर्माना

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा सभी संभागों में एक साथ विशेष औचक निरीक्षण और चालानी कार्रवाई का अभियान चलाया गया। इस व्यापक अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए 48 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देशित किया है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो लोग डस्टबिन का उपयोग न कर सड़कों और खुले स्थानों पर कचरा फेंकते हैं, उनके खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाए। खुले में कचरा फेंकने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। प्रतिबंधित सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की गई। सभी संभागों को मिलाकर कुल 48 हजार रुपये की जुर्माना राशि मौके पर ही वसूली गई।

### स्लीमनाबाद ट्रेप : नामांतरण के एवज में मांगी थी रिश्वत
## निजी कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ा गया पटवारी

**जबलपुर।** जबलपुर संभागांतर्गत कटनी जिले के स्लीमनाबाद में बहोरीबंद रोड पर एक पटवारी को उसके निजी कार्यालय में मंगलवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने नामांतरण के एवज में उपहार के तौर पर मांगी गई पांच हजार की रिश्वत राशि लेते हुए पकड़ा। लोकायुक्त दल ने शिकायत के आधार पर पटवारी की तस्दीकी की और फिर उस समय ट्रेप की कार्यवाही को अंजाम दिया जब वह अपने निजी कार्यालय में रिश्वत



की रकम ले रहा था। इस संबंध में लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि आवेदक शिवकुमार जायसवाल द्वारा अपनी पत्नी देववती के नाम पर 1 एकड़ 80 डिसमिल जमीन खरीदी गई थी। उक्त जमीन के सीमांकन के एवज में पटवारी प्रकाश मेहरा उपहार स्वरुप 10 हजार रूपए की मांग कर रहा था। बाद में पटवारी आवेदक से 5 हजार रुपए रिश्वत लेने को तैयार हो गया। इस पर शिकायत के बाद तय योजना के अनुसार आवेदक द्वारा मंगलवार सुबह 5 हजार रुपए रिश्वत राशि आरोपी पटवारी प्रकाश मेहरा को उसके किराए पर लिए गए प्राइवेट कार्यालय बोहरीबंद रोड तहसील स्लिमनाबाद जिला कटनी में जैसे ही दी गई वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त दल ने पटवारी को रंगे हाथ पकड़ा गया। कार्यवाही के दौरान ट्रेप दल सदस्यों में निरीक्षक राहुल गजभिए, टीएलओ निरीक्षक शशि कला मस्कुले सहित अन्य मौजूद रहे।

### गोवंश की सुपुदर्गी पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए गोवंश की सुपुदर्गी पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस आरके वाणी की सिंगल बेंच ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश को निर्देशित किया कि लंबित पुनरीक्षण याचिका का गुण-दोष के आधार पर 30 दिनों के भीतर निर्णय किया जाए। दरअसल, 10 मई, 2026 की रात बालाघाट जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अमाटोला रोड स्थित अंबेडकर चौक पर कार्रवाई करते हुए छह पिकअप वाहन पकड़े थे। पुलिस के मुताबिक वाहनों में 48 गौवंश को कथित रूप से क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र स्थित स्लाटर हाउस ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान गौवंश जब्त कर वैधानिक प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस बीच न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 22 मई, 2026 को गौवंश की सुपुर्दगी का आदेश पारित कर दिया। इस आदेशों को चुनौती देते हुए गौवंश रक्षण समिति, वारासिवनी के प्रशासक अभिषेक सुराना ने पुनरीक्षण याचिका दायर की। जिसका राहतकारी नतीजा न निकलने के कारण मामला हाई कोर्ट पहुंचा। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि जिन रसीदों व दस्तावेजों के आधार पर सुपुर्दगी का दावा किया गया है, उनकी प्रामाणिकता संदेह के घेरे में है। उनका कहना था कि संबंधित पक्षों को गौवंश की कस्टडी प्राप्त करने का वैधानिक अधिकार नहीं है, इसलिए सुपुर्दगी आदेश पर रोक आवश्यक है। यह सुनने के बाद हाई कोर्ट ने गौवंश की कस्टडी में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने पर रोक लगा दी।

### *गांजा, डोडा चूरा के साथ 2 महिलाओं सहित 7 तस्कर गिरफ्तार*
## नशे के कारोबार पर पुलिस का प्रहार

**जबलपुर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच और तिलवारा, भेड़ाघाट, कटंगी तथा माढ़ोताल पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11.237 किलो गांजा, 30.631 किलो डोडाचूरा, 50 हजार रुपये नकद, एक ट्रक, एक कार, एक स्कूटी तथा 10 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बरामद मादक पदार्थों की कुल कीमत करीब 7.61 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार तिलवारा क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में ललित कहार, सचिन सोनी और मानसी निषाद को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 11 किलो 237 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा उड़ीसा और कटनी क्षेत्र से लाकर फुटकर बिक्री करना स्वीकार किया। वहीं कटंगी पुलिस और क्राइम ब्रांच ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 18 किलो 130 ग्राम डोडाचूरा बरामद कर ट्रक चालक पंकज साहू, हेल्पर उदयचंद काछी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में डबरा निवासी अजय रावत, जबलपुर के सोनू शर्मा और सोनी ठाकुर के नाम सामने आए, जिनके लिए मादक पदार्थ की खेप लाई जा रही थी।

आगे की कार्रवाई में भेड़ाघाट पुलिस ने सोनी ठाकुर के घर से 5 किलो 870 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया। वहीं माढ़ोताल क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने रंजीत उर्फ सोनू शर्मा के घर और कार पर दबिश देकर 6 किलो 628 ग्राम डोडाचूरा, 50 हजार रुपये नकद, 8 मोबाइल फोन और एक कार जब्त की। आरोपी ने पूछताछ में बड़ी मात्रा में डोडाचूरा बेचने की बात स्वीकार की।

### विरोधाभास और संदेहास्पद मामले पर अभियुक्त को राहत

जबलपुर। शेसन न्यायालय जबलपुर की एक अदालत ने बलात्संग की विभिन्न धाराओं में आरोपी बनाए गए अभियुक्त को आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता अरुण विश्वकर्मा ने अपना पक्ष रखा। अभियोजन की कहानी अनुसार 2.6.2025 को लड़की की मां ने थाना कैंट में सूचना दी कि 31.5.2025 की रात परिवार के लोग जब सो रहे थे और दूसरे दिन सुबह करीब 6 बजे जब परिवार के लोग उठे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था और उसकी बेटी घर पर नहीं थी। कोई बहला फुसलाकर ले गया है। जिसकी तलाश किए जाने पर भी कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लड़की की मां के बताए अनुसार सूचना को पंजीबद्ध कर लिया और मामले को जांच में ले लिया। अभियोजन की कहानी के पूरे मामले में विरोधाभासी कथनों व संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए न्यायालय ने अभियुक्त के पक्ष में फैसला सुनाते हुए दोषमुक्त कर दिया।




# महिला उद्यमियों के लिए इंडिया पोस्ट पर आयोजित की गई विशेष कार्यशाला

**जबलपुर।** महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स (डीएम) द्वारा इंडिया पोस्ट के उत्पाद और सेवाओं पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम पी.एन. ससंगौर, अधीक्षक, रेल पोस्ट सेवा, जबलपुर के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में श्रीमती पूनम शमाय, निरीक्षक, रेल पोस्ट सेवा, जबलपुर भी उपस्थित रहीं।

अधिकारियों ने बताया कि 62 रुपये प्रति किलो की दर से भारत के किसी भी शहर में सामान भेजा जा सकता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पार्सल पहुंचाया जा सकता है। सभी पार्सल सुरक्षित और ट्रैकिंग के माध्यम से ट्रैक किए जा सकते हैं। कार्यशाला के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अनेक



महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। कई महिला उद्यमियों ने अनुभव साझा किया कि कभी-कभी उनका सामान समय पर नहीं पहुंचता, या पार्सल फटकर पहुँचता है और ट्रैकिंग भी नहीं हो पाती। इन सभी समस्याओं का इंडिया पोस्ट के अधिकारियों ने विस्तृत समाधान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में डीएम की चेयरपर्सन एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अच्यना भटनागर और अध्यक्ष श्रीमती भावना मदान भी उपस्थित रहीं। डॉ. अच्यना भटनागर ने पोस्टल सेवाओं के अधिकारियों से आग्रह किया कि उनके कर्मचारी उद्यमियों को सेवाओं का विस्तृत प्रशिक्षण दें ताकि महिलाओं को भविष्य में इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिया कि ऐसी व्यावसायिक और जानकारीपूर्ण कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे महिला उद्यमियों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

डीएम ने इंडिया पोस्ट के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था भविष्य में भी महिला उद्यमियों को विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और विशेषज्ञों से जोड़ने के लिए इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## गोली चलाकर भागा बदमाश माशूका सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत रामायण मंदिर सूपाताल के समीप पिस्टल से फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले आरोपी को गढ़ा पुलिस ने उसकी प्रेमिका सोनाली बर्मन के साथ गिरफ्तार कर लिया है।गौरतलब हो कि सोमवार 8 जून को सूपाताल निवासी अंकित लखेरा ने गढ़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करन विश्वकर्मा और उसकी साथी सोनाली बर्मन ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए पिस्टल निकाली और जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर किए। गोलियों की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। अपनी जान बचाने के लिए भागते समय फरियादी दीवार से टकरा गया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश आरंभ की। पुलिस टीम ने लगातार प्रयासों के बाद आरोपी करन विश्वकर्मा और उसकी साथी सोनाली बर्मन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार करन विश्वकर्मा पहले से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ गढ़ा थाने में कई अपराध दर्ज हैं और वह क्षेत्र का चिन्हित बदमाश माना जाता है। पुलिस अब उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की भी तैयारी कर रही है।



## अमखेरा में नाले पर बना अवैध एमए बिरयानी सेंटर जमींदोज, नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर को व्यवस्थित बनाने और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अमखेरा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम के भवन एवं अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने नाले के ऊपर अवैध रूप से बनाए गए एम.ए. बिरयानी सेंटर को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नाले पर अतिक्रमण होने के कारण क्षेत्र में जल निकासी बाधित हो रही थी, जिससे आने वाले मानसून में स्थानीय निवासियों को गंभीर जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ सकता था। नागरिकों की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कानून और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। इसमें शामिल थे अतिक्रमण अधिकारीः के.के. रावत, टिपेंद्र रावत, अखिलेश भदौरियासंभागीय उपयंत्रीः अभिषेक तिवारी, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, रितेश धुर्वे नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और बाढ़-मुक्त बनाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।




## तेज आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से बरेला में बिजली गुल, आधा दिन रहा अंधेरा

**बरेला।** मंगलवार दोपहर लगभग 2:00 बजे नगर में तेज आंधी-तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। इस दौरान छोटे-छोटे ओले भी गिरे। इसी आंधी-तूफान के कारण मेला ग्राउंड के पास 11 केवी लाइन पर यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया, जिससे पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति लगभग 5 घंटे तक बाधित रही। विद्युत मंडल द्वारा लाइन की मरम्मत में कई घंटे लग गए और शाम 6:30 बजे के आसपास बिजली बहाल की जा सकी। बताया गया कि इस घटना से विद्युत मंडल द्वारा की जा रही मेंटेनेंस की पोल भी खुल गई, क्योंकि अधिकारियों ने पहले यह दावा किया था कि बारिश से पहले लाइनों के आसपास के पेड़ों की छटाई कर दी गई है। नगरवासियों का कहना है कि अक्सर बिजली मेंटेनेंस के नाम पर 6-8 घंटे तक बिजली गुल रहती है, और थोड़ा सा आंधी-तूफान आने पर पूरी विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। इस घटना ने इस कथन और वास्तविकता के बीच अंतर को उजागर कर दिया। विद्युत मंडल ने मामले की जानकारी दी कि मरम्मत पूरी करने के लिए तकनीकी टीम ने त्वरित कार्रवाई की, जिससे शाम तक बिजली बहाल की जा सकी।





## सकल जैन समाज सिहोरा-खितौला ने अर्यिका माताओं के संघ की श्रृद्धापूर्वक अगवानी की

**सिहोरा।** आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य गुरुवर 108 समयसागर महाराज की परम शिष्या आर्यिका 105 गुरुमति माताजी एवं गुणमती माताजी अपने 32 आर्यिका माताओं के संघ के साथ नगर आगमन पर सकल जैन समाज सिहोरा खितौला ने श्रद्धा भक्ति भाव भव्य स्वागत किया। संघ के साथ धनगवां से प्रातः पदयात्रा करते हुए माताजी ने नगर में प्रवेश किया। इस दौरान सिहोरा,खितौला, लमकना,दर्शनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। झंडा बाजार स्थित बड़े जैन मंदिर में आहारचर्या की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष सन्मति जैन,महावीर जैन,अरविंद जैन,अरुण जैन,अतुल सिंघई, अमित जैन,कंधीलाल,संजय जैन,अभिषेक जैन,बबीता जैन सहित तथा खितौला जैन समाज के सदस्यों ने संघ का पड़गाहन कर आहार व्यवस्था संपन्न कराई।आहारचर्या में जैन समाज के पुरुष, महिला,युवक-युवतियों एवं बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया। इसके पश्चात सायं लगभग 6 बजे माताजी का संघ जबलपुर की ओर विहार कर गया।

## छावनी क्षेत्र में आज से सिर्फ सुबह एक टाईम होगी जलापूर्ति

**जबलपुर।** भीषण गर्मी के साथ प्राकृतिक जल स्त्रोतों के लगातार सूखने की दशा में भूमिगत जल स्तर के नीचे गिरने व शहर में निरंतर पेयजल आपूर्ति में दिक्कत देख नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले रांझी जल शोधन संयत्र से तीन जून से एक टाइम वॉटर सप्लाई की जा रही है तो वहीं अब सदर छावनी परिषद के प्रबंधन में आने वाले क्षेत्रों में भी बुधवार 10 जून से एक समय ही पेयजल आपूर्ति होगी। कैंट बोर्ड ने इसके पीछे भूमिगत जल स्तर के नीचे जाने को मुख्य वजह बताया है। परिषद कार्यालय से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि 10 जून बुधवार से पूरे कैंट क्षेत्र में केवल सुबह पानी की आपूर्ति की जाएगी ताकि आमजन अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पानी को एकत्र कर सकें। सीईओ राजीव कुमार ने कैंट वासियों से अपील की है कि भूमिगत जल के लगातार गिरते स्तर को बचानें एवं पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए पानी का दुरूपयोग बंद करें।

**वाहनों की धुलाई, पानी के दुरुपयोग पर भी पाबंदी**

### वाहनों की धुलाई पर भी रोक

इसके साथ ही छावनी परिषद प्रशासन ने क्षेत्र में वाहनों की धुलाई का कार्य कर रहे समस्त दुकानदारों, गाडी मैकेनिकों आदि को भी आदेशित किया है कि वे आगामी आदेश तक गाडियों की धुलाई का कार्य पूर्ण रूप से बंद रखेंगे। ऐसा न करने पर उनके विरूद्ध जुर्माना वसूलने के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही की जाएगी तो वहीं पानी का दुरूपयोग करने पर उनके नल कनेक्शन काटे जाएंगे व बोरिंग मशीन आदि की जब्ती की जाएगी।

## जहर खाने से वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** कटंगी थानांतर्गत ग्राम वीरूआ में कल एक वृद्ध पलंग से गिरकर बेहोश हो गये थे। वृद्ध के बिस्तर में सल्फास की गोलियाँ मिली हैं। संभवतः वृद्ध ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली है। आनन फानन में परिजन वृद्ध को इलाज के लिये शासकीय अस्पताल ले गये जहां डाक्टर ने चेक कर उन्हें मृत करार दिया। पचनामा कार्रवाई कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। कटंगी पुलिस ने बताया कि ग्राम वीरूआ निवासी जित्तू प्रधान किराना दुकान चलाते हैं। कल जब वे दुकान में थे तभी उनकी पत्नी सोनम प्रधान ने उन्हे फोन पर सूचना दी कि बड़े पापा विश्वनाथ प्रधान आंगन में पलंग से गिरकर बेहोश हो गये हैं। बिस्तर में सल्फास की गोलियां पड़ी हैं। जित्तू बड़े पापा को लेकर इलाज के लिये शासकीय अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टर ने चेक कर वृद्ध को मृत करार दिया।

## शिक्षक के सूने घर से लाखों के जेवर उड़ाये

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत अनमोल परिसर में कल सपरिवार पेतृक गांव पड़रिया गये एक शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों के जेवर ले गये। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि अनमोल परिसर माढ़ोताल निवासी नरेश उपाध्याय शासकीय शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। कल वे अपने पैतृक गांव पड़रिया कटंगी चले गये थे वही उनकी पत्नी भी बच्चों को लेकर घर में ताला लगाकर गांव पड़रिया के लिये निकल गई थी । शाम 6 बजे वापस घर लौटी तो देखी कि घर का ताला टूटा था । पत्नी ने नरेश को बताया कि घर में चोरी हो गई है। नरेश ने गांव से वापस आकर देखा कि कमरे में बने कवर्ड के नीचे बने दराजों में रखा जेवर सोने का मंगलसूत्र,दो कंगन,एक जोड़ी झुमकी व चार अंगूठी एवं एक चेन गायब थी। चोरी गये जेवरों की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

## नर्मदा तटों पर अनैतिक गतिविधियों पर लगे रोक

### सनातन एकता मंच और नर्मदा सेवकों व भक्तों की मांग

**जबलपुर।** सनातन एकता मंच के माध्यम से नर्मदा सेवकों और भक्तों ने मां नर्मदा के घाटों पर बढ़ रही अनैतिक गतिविधियों, नशाखोरी एवं अशोभनीय कृत्यों पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक है।

विगत दिनों सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो एवं घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें नर्मदा घाटों पर कुछ लोगों द्वारा अशोभनीय एवं अनैतिक गतिविधियां करते हुए देखा गया है। इसके अतिरिक्त घाटों पर नशाखोरी, शराब सेवन तथा धार्मिक एवं सामाजिक मर्यादाओं के विपरीत आचरण की शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही हैं, ऐसी घटनाएं न केवल माँ नर्मदा की पवित्रता को आहत करती हैं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाती हैं। यह स्थिति सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत चिंताजनक है।




### ज्ञापन के माध्यम से की यह प्रमुख मांग

नर्मदा घाटों पर अनैतिक एवं अशोभनीय गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त एवं निगरानी बढ़ाई जाए। घाटों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, नशाखोरी एवं अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। धार्मिक स्थलों एवं घाटों की गरिमा बनाए रखने हेतु विशेष दिशा.निर्देश जारी किए जाएं। घाटों पर सूचना बोर्ड एवं जागरूकता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को मर्यादित आचरण के लिए प्रेरित किया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्थायी कार्ययोजना बनाई जाए।

## संदीप जैन ने समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का जताया भरोसा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू महिला सभा द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष श्री प्रशांत केसरवानी का अभिनन्दन किया गया। यह कार्यक्रम दत्त मंदिर में पारिवारिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संदीप जैन ने कहा कि समाज और राष्ट्र कल्याण के लिए हर वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प व्यक्त किया। महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति आभा साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साहू वैश्य नगर सभा के अध्यक्ष श्री राधेश्याम साहू, चौधरी मुकेश साहू, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्रीकान्त साहू, डॉ. पुरुषोत्तम साहू और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेडीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके साथ ही अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रम में सहयोग देने वाले समाज के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। जेडीय उपाध्यक्ष श्री प्रशांत केसरवानी ने भी समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें मोदी सरकार की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिखाया गया और विजेताओं को संदीप जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला सभा और समाज के कई सहयोगियों का योगदान रहा, जिनमें श्रीमति सरिता साहू, उल्का साहू, नम्रता साहू, शिल्पा साहू, प्रभा साहू, आरती साहू, रंजनी, मंजू, अलका, दीपाली, वंदना, अर्चना, ज्योति, मनीषा, शालिनी, सुषमा, रीता, मीरा, प्रदीप साहू, आरएम साहू, अशोक साहू, राम मिलन साहू, सतीश साहू, हरीश साहू, रविशंकर साहू, संदीप साहू, रविकांत साहू, रंजीत साहू, प्रहलाद साहू, धीरज साहू, राकेश साहू, पप्पू साहू, संजय साहू आदि उपस्थित थे।



## एमपीएमएसयू और हाईकोर्ट विखंडन के खिलाफ प्रदर्शन

### जनसंगठनों ने जबलपुर का कद घटाने की साजिश का किया विरोध



**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच सहित अन्य जनसंगठनों ने कहा है कि मप्र आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) मेडिकल यूनिवर्सिटी के अधिनियम में वर्तमान का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश है। लिहाजा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर मेडिकल यूनिवर्सिटी के कार्यक्षेत्र को विखण्डित किया जायेगा, इससे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के इस यूनिवर्सिटी हेडक्वार्टर जबलपुर से हटाया जायेगा। ऐसे करने से यह देश में पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी बनेगी जो हिस्सों में बॉटी जायेगी, अन्य राज्यों में मेडिकल यूनिवर्सिटी एक ही है। इस साजिश के विरोध में जनसंगठनों ने घंटाघर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

### हाईकोर्ट बैंच से भोपाल को हटाने की भी साजिश

प्रदर्शन के दौरान जनसंगठनों ने यह भी आरोप लगाए कि हाईकोर्ट के जबलपुर बैंच के कार्यक्षेत्र से भोपाल को हटाकर उसे इंदौर बैंच के कार्यक्षेत्र में शामिल करने की साजिश जारी है। जबलपुर की संस्थाओं का विखण्डन कर जबलपुर का कद घटाने के प्रयास के विरोध में मंगलवार को जनसंगठनों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, पी.एस. राजपूत, एड.जी.एस. सोनकर, अर्जुन कुमार परीड़ा, अशोक यादव, प्रफुल्ल सक्सेना, उमा दाहिया, राजेश गिदरौनिया, यशवंत कोष्टा, विनायकराव श्रोते, अंकित गोस्वामी, मनोज सैनी, एड. ब्रजेश कुमार साहू, पूनम सोलंकी, मनीष साहू आदि भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## लायन नेतृत्व सम्मान दिवस का आयोजन

**जबलपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2026-27 के निर्वाचित पदधारकों का सम्मान लायंस परिवार जबलपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय, पीएमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल (भिलाई), रीजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन एवं शहर के विभिन्न लायंस क्लबों – सेन्ट्रल, मार्बल रॉक्स, जाबालि, फतेह, संस्कारधानी, स्टार, उदय, सिटी और टाउन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्षों का सम्मान किया गया। समारोह में मार्गदर्शन हेतु उपस्थित थे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता, लायन टी.आर. नायक, पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक, एमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल एवं एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन। एमजेएफ लायन उमेश जैन और एमजेएफ लायन यशवंत सेंगर ने जानकारी दी कि यह पहला अवसर है जब लायंस नेतृत्व का सम्मान किया गया। इसके बाद यह दिवस प्रतिवर्ष 10 जून को लायन नेतृत्व सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।




**श्रीमती आशा पांडे-** ब्राह्मण एकता मंच भगवान परशुराम वंशज के संस्थापक सदस्य पंडित पंकज पांडे (पूर्व पार्षद) की माताजी श्रीमती आशा पांडे का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे उनके निज निवास से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री सूरज सिंह लोधी-** पीएचई रोड ललपुर गौरीघाट निवासी श्री सूरज सिंह लोधी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुख्खो बाई चौधरी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास ठक्करग्राम निवासी श्री राम कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दुख्खो बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवती शरण उपाध्याय-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री भगवती शरण उपाध्याय (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती मालवीय-** वैशाली परिसर गौरीघाट रोड निवासी श्री मिश्री लाल मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती मालवीय (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुभाष चंद्र वर्मा-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री सुभाष चंद्र वर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संत कुमार-** ग्राम भरहरी पोड़ा सिहोरा निवासी श्री संत कुमार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ज्योति चौधरी-** भोंगा द्वार वाटर वर्क्स रोड टेमरभीटा निवासी श्री पवन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवजी स्वामी-** गोराबाजार केंट निवासी श्री शिवजी स्वामी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति वर्गसेंटीमीटर

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 8x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### एलएंडटी लगा रही डिजिटल कर्मचारियों पर बड़ा दांव

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अपनी निर्माण गतिविधियों के विस्तार के लिए स्वचालन, रोबोटिक्स और प्रौद्योगिकी आधारित समाधान पर बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी का मानना है कि केवल श्रमबल बढ़ाकर वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना संभव नहीं होगा। एलएंडटी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आर. शंकर रमण ने 'आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इंडिया इन्वेस्टर्स कॉन्फ्रेंस-2026' में कहा, ''पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान कंपनी ने निर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व स्तर तक स्वचालन को बढ़ावा देने का काम किया है।

### नेपाल ने भारत से आम आयात पर लगाया अंकुश


**काठमांडू।** नेपाल ने कथित रूप से अत्यधिक कीटनाशक पाए जाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में 'क्वारंटीन' सुविधाओं के अभाव का हवाला



देते हुए भारत से किए जाने वाले आम के आयात पर अंकुश लगा दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस रोक के चलते नेपाल के स्थानीय बाजारों में घरेलू स्तर पर उत्पादित आम की उपलब्धता बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में आम की मांग आमतौर पर काफी अधिक रहती है।

### रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 95.36 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिका-ईरान तनाव कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें और डॉलर सूचकांक में नरमी के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे मजबूत



होकर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच तनाव में नरमी के संकेतों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संभावित हस्तक्षेप, सकारात्मक घरेलू बाजार और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.47 पर खुला।

### मई में चीन का निर्यात 19.4 प्रतिशत उछला

**हांगकांग।** चीन के निर्यात में मई महीने के दौरान सालाना आधार पर 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।



प्रौद्योगिकी उत्पादों के मजबूत निर्यात और वैश्विक मांग में सुधार को इस बढ़त का प्रमुख कारण बताया गया है। चीन की सीमा-शुल्क एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अप्रैल में चीन का निर्यात 14.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात भी 27.4 प्रतिशत बढ़ा, जो अप्रैल के 25.3 प्रतिशत की तुलना में अधिक है।

### जेएसडब्ल्यू का कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का मई में कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 22.93 लाख टन हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 19.96 लाख टन था। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उत्पादन में यह बढ़ोतरी डोलवी संयंत्र के पूर्ण संचालन और जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटेलिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) के पूरी तरह चालू होने के कारण हुई है। जेएसडब्ल्यू स्टील के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेवीएमएल का संचालन अब पूरी क्षमता के साथ हो रहा है।

# विमानों की आपूर्ति में देरी से आधुनिकीकरण पर पड़ा असर

## एयर इंडिया के निवर्तमान सीईओ विल्सन ने कहा

एजेंसी ▶▶| रियो डी जेनेरियो

एयर इंडिया के निवर्तमान मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि पिछले चार वर्षों में एयरलाइन की बुनियाद को फिर से मजबूत किया गया है, लेकिन निर्धारित समय पर विमानों की आपूर्ति न होने से इसकी वृद्धि और बेड़े के आधुनिकीकरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है। पद छोड़ने की घोषणा कर चुके विल्सन ने बातचीत में कहा कि वह इस वर्ष के अंत में पद से हटने के बाद किसी अन्य पूर्णकालिक कार्यकारी भूमिका में नहीं जाएंगे और सलाहकार एवं शिक्षण जैसे कार्यों पर ध्यान देंगे। विल्सन ने सात अप्रैल को एयर इंडिया का सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पद छोड़ने की घोषणा की थी। वह इस पद पर मई, 2022 में नियुक्त किए गए थे।

### एयर इंडिया की बुनियाद मजबूत की गई

विल्सन ने कहा कि पिछले चार वर्षों में एयर इंडिया की बुनियाद को फिर से मजबूत किया गया है, लेकिन निर्धारित समय पर विमानों की आपूर्ति न होने से इसकी वृद्धि और बेड़े के आधुनिकीकरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है। उन्होंने विमानों की समय पर आपूर्ति न होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि अगर निर्धारित समय पर विमान मिल गए होते तो एयर इंडिया के कायाकल्प का काम काफी आगे बढ़ चुका होता।



### एयर इंडिया के पास वर्तमान में 300 से अधिक विमान

इसके अलावा, फर्स्ट क्लास एवं बिजनेस श्रेणी की सीटों की आपूर्ति बाधित होने से चौड़े आकार वाले विमानों के उन्नयन में लगभग दो साल की देरी हो गई। एयर इंडिया समूह के पास वर्तमान में 300 से अधिक विमान हैं, जिनमें एयर इंडिया के बेड़े में 184 विमान शामिल हैं। कंपनी को भविष्य में 670 विमानों की आपूर्ति मिलनी है, जो उसके विस्तार के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण होगी।

### व्यापक बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही

जनवरी, 2022 में निजीकरण के बाद एयर इंडिया फिलहाल व्यापक बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही है। हालांकि, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त स्वामित्व वाली एयरलाइन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एयर इंडिया के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल को 54 वर्षीय विल्सन ने 'एक शानदार सफर' बताते हुए कहा कि इस दौरान सांस्कृतिक बदलाव, चार एयरलाइंस के विलय, नई पहचान और उत्पाद उन्नयन जैसे कदम उठाए गए।

## देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट का सामना करना पड़ रहा

# आर्थिक वृद्धि की गति बरकरार, अतिरिक्त कर्ज लेने की कोई जरूरत नहीं: सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से बाहरी मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन घरेलू खपत बरकरार रहने से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही।

■ ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

सूत्रों ने कहा कि कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में वैश्विक अर्थव्यवस्था में शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखा गया था और सरकार को फिलहाल अतिरिक्त कर्ज लेने या संसद के आगामी मानसून सत्र में पूरक अनुदान मांग लाने की जरूरत नहीं है। राजकोषीय घाटा अब भी बजट लक्ष्य के अनुरूप जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर बरकरार है।

**विनिवेश व संपत्तियां बाजार पर चढ़ाई जा रही :** सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में विनिवेश और संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने जैसे गैर-कर राजस्व के स्रोतों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही है। सूत्र ने कहा, निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के पास विनिवेश और संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने के लिए साल भर की योजना और मध्यम अवधि का परिदृश्य है।



### बजट में तय 80,000 करोड़ का आंकड़ा पार हो जाएगा

मुझे उम्मीद है कि इस मद में बजट में तय 80,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हो जाएगा और दोनों विभाग इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीबीआई बैंक का विनिवेश भी होगा। सरकार अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े और मानसून पर अल-नीनो के असर की जानकारी मिलने के बाद जुलाई में वृहद आर्थिक आंकड़ों का फिर से आकलन करेगी।

### विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं

सूत्रों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में दिखी वृद्धि की रफ्तार 2026-27 की पहली तिमाही में भी जारी है। साथ ही अब तक विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा है। जीएसटी के आंकड़े अच्छे हैं, महत्वपूर्ण आंकड़ें (निर्यात, बिजली खपत आदि) भी सकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

### निजी निवेश में भी तेजी आ रही

उद्योग मंडल सीआईआई के आंकड़ों के अनुसार निजी निवेश में भी तेजी आ रही है। सूत्रों ने कहा कि सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा और अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ाने के लिए और उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूंजी निकासी पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग

सूत्रों ने बताया कि दुनिया भर में उर्वरक की कीमतें बढ़ने के कारण, उर्वरक मंत्रालय ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 1.77 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी का अनुमान लगाया गया था। इसके अलावा, पश्चिम एशिया संकट के बाद से 78 दिनों तक पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार ने कंपनियों को मदद दी है।

### कंपनियों को हर दिन 650 करोड़ रुपए का नुकसान

पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने इसके बाद धीरे-धीरे पेट्रोल पंप पर कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों के मुकाबले कम दाम पर ईंधन बेचने की वजह से उन्हें अभी भी हर दिन 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# मारुति की छोटी कारों के लिए कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को अपनी छोटी कारों के लिए 'कीमत सुरक्षा योजना' की घोषणा की है। इस योजना के तहत ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगनआर जैसे मॉडल की कीमतों को सुरक्षित किया गया है, जिससे ग्राहकों को संभावित मूल्य वृद्धि का असर नहीं झेलना पड़ेगा। मारुति सुजुकी ने इस महीने से सभी मॉडल पर कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा मई में की थी। अब कीमत सुरक्षा योजना के तहत कंपनी ने कहा कि उसकी छोटी कार की कीमतें 14 जून, 2026 तक की गई सभी बुकिंग के लिए अपरिवर्तित रहेंगी। मारुति सुजुकी इंडिया के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, हमारे चैनल भागीदारों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, हमने यह कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा की है। उनका अनुरोध सीधा था: जो ग्राहक कार खरीदने का साहस दिखा रहे हैं, उन्हें कीमत में बढ़ोतरी के बाद पीछे न हटना पड़े। इसलिए, हम छोटे कार खरीदारों के लिए इस योजना पर निर्णय लिया। अगर आप बुकिंग करते हैं, तो हम आपको कुछ राहत देंगे।

■ 14 जून तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को होगा लाभ

### वाहनों की कीमतों में वृद्धि होने के आसार

कंपनी ने कहा कि यह योजना ग्राहकों के लिए किफायती विकल्पों को सुरक्षित रखने के लिए शुरू की गई है और वह भी खासकर ऐसे समय में जब मुद्रास्फीतिक दबाव तथा प्रतिकूल लागत वातावरण के बीच वाहनों की कीमतों में वृद्धि होने के आसार हैं।

# कमजोर डॉलर की वजह से सोना 1,500 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ल

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर डॉलर और धारणा में सुधार के कारण सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की मजबूती देखी गई और यह फिर से 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार पहुंच गया। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 1,500 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। यह बढ़त तब हुई जब वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें कम थीं। जानकारों का मानना है कि घरेलू कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और निवेशकों की नई दिलचस्पी के कारण आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिसे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कमजोर डॉलर व बॉन्ड प्रतिफल में आई गिरावट से सहारा मिला।

■ सोना फिर से बढ़कर 1.60 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

### सीजफायर से बाजार का मुड सुधरा

हालांकि, चांदी की कीमतें 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। उन्होंने कहा कि ईरान और इजराइल के एक-दूसरे पर हमले रोकने पर सहमत होने के बाद बाजार का मूड सुधरा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से औपचारिक युद्धविराम की दिशा में प्रगति के संकेत मिले, जिससे इस विवाद के कूटनीतिक समाधान की उम्मीदें बढ़ीं।

# ग्रासिम विस्तार पर 3,094 करोड़ रुपए करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि वह कर्नाटक के हरिहर में अपनी लियोसेल



क्षमता के विस्तार के लिए 3,094 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले इस निवेश का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बढ़ती टिकाऊ एवं उच्च गुणवत्ता वाली वस्त्र सामग्री की मांग को पूरा करना है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में इस पूंजीगत व्यय को मंजूरी दी गई। यह निवेश आंतरिक संसाधनों और कर्ज के मिश्रण से वित्तपोषित किया जाएगा। लियोसेल एक अर्ध-कृत्रिम रेशा है जिसका इस्तेमाल परिधान, घरेलू वस्त्र और तकनीकी वस्त्र उत्पादों में किया जाता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई और दोनों मानक सूचकांक चढ़कर बंद हुए। इजराइल एवं ईरान के बीच तनाव कम होने और दुनिया के अन्य शेयर बाजारों में तेजी से सेंसक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक की बढ़त में रहा।

■ सेंसक्स 394 और निफ्टी 119 अंक चढ़ा

विश्लेषकों ने कहा कि बैंक शेयरों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 394.50 अंक बढ़कर 73,918.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 511.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 119.10 अंक बढ़कर 23,242.10 अंक पर बंद



हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाइटन, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और जोखिम वाली संपत्ति में सुधार हुआ, जिससे भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''

### मिडकैप और स्मालकैप में रही तेजी

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.50 प्रतिशत उछल गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.33 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक में 83 प्रतिशत, बैंकिंग सूचकांक में 2.18 प्रतिशत, सेवा खंड में दो प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

### बाजार उबरने की कोशिश कर रहा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"घरेलू बाजार हाल में आई तेज गिरावट से उबरने की कोशिश कर रहा है। इसमें इजराइल-ईरान तनाव में कमी आने और कच्चे तेल में नरमी की अहम भूमिका रही। लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने और उच्च बॉन्ड प्रतिफल से जुड़ी चिंताएं बरकरार हैं।

# भारतीय कंपनियों का कनाडा में 11 अरब कनाडाई डॉलर निवेश

**वाशिंगटन।** भारतीय कंपनियों ने सूचना प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कनाडा में लगभग 11 अरब कनाडाई डॉलर का निवेश किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कनाडा-भारत व्यापार परिषद की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वाणिज्य मंत्री




पीयूष गोयल की कनाडा यात्रा के दौरान जारी की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी अमेरिकी देश के 10 में से आठ प्रांतों में 50 भारतीय कंपनियों की उपस्थिति है और उन्होंने 33,000 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा सृजित रोजगार 2023 से लगभग दोगुना हो गए हैं।

# फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर किया 6.4 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका-ईरान संघर्ष और इससे जुड़े तेल संकट के प्रभावों की वजह से यह कटौती की गई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने जून महीने की अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर धीमी रह सकती है लेकिन घरेलू मांग और निवेश से कुछ समर्थन मिलेगा। फिच रेटिंग्स ने कहा,"हम उम्मीद

■ पहले वृद्धि दर अनुमान 6.7 प्रतिशत रखा गया था



करते हैं कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह जाएगी, जो मार्च के अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य आधार बनी रहेगी और वास्तविक संदर्भ में आयात कम होने से शुद्ध बाहरी मांग इस वृद्धि में सकारात्मक योगदान देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च मुद्रास्फीति और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से वास्तविक आय पर दबाव बढ़ेगा, जिससे उपभोक्ता खर्च प्रभावित होगा।

### पहले 70 डॉलर प्रति बैरल रहा कच्चा तेल

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है और इसका असर भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फिच ने ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत के अनुमान को बढ़ाकर 87 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था।

### तेल की कीमतों में तेजी का असर पड़ रहा

फिच रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कोल्टन ने कहा, तेल की कीमतों में तेजी से वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ रहा है और जोखिम बढ़ रहे हैं। लेकिन दुनिया भर में आईटी पर खर्च तेजी से बढ़ रहा है, जो निकट अवधि में आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर को कुछ हद तक कम कर रहा है।

## टीमलीज की रिपोर्ट में कॉरपोरेट क्षेत्र का चालू वित्त वर्ष के लिए उम्मीद

# वेतन 8.6 से 10.2 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चालू वित्त वर्ष में कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुशल एवं बेहतर निष्पादन वाले कर्मचारियों की लगातार बढ़ती मांग के कारण यह वृद्धि देखने को मिल रही है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई।

■ कुशल एंव बेहतर कर्मचारियों के लिए लगातार बढ़ती मांग के कारण वृद्धि

टीमलीज सर्विसेज की रोजगार एवं वेतन परिदृश्य पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान औसत वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ईवी अवसंरचना, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और औषधि जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की प्रमुख भूमिका रहने वाली है।

**विशाखापट्टनम व नागपुर में अच्छी वृद्धि संभव:** इनके अलावा विशाखापट्टनम और नागपुर जैसे उभरते शहरों में भी अच्छी वृद्धि देखे जाने की संभावना है। इसके उलट सूरत, चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों में पिछले वर्ष की तुलना में वेतन वृद्धि की दर में थोड़ी गिरावट देखी गई है।




### वाहन, बीमा व बीपीओ क्षेत्र में 8.9 से 9.5 फीसदी के बीच

रिपोर्ट के मुताबिक, वाहन, बीमा और बीपीओ जैसे क्षेत्रों में इस साल वेतन वृद्धि 8.9 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वहीं बैंकिंग, निर्माण एवं रियल एस्टेट, दूरसंचार और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 8.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न कार्य क्षेत्रों में वेतन वृद्धि का सबसे अधिक असर बिक्री एवं विपणन, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों में देखा जा रहा है। शहरों के स्तर पर चेन्नई, पुणे, हैदराबाद और अहमदाबाद वेतन वृद्धि के मामले में आगे रह सकते हैं।

### ईवी क्षेत्र में 10.2 फीसदी तक वेतन वृद्धि दिख सकती है

रिपोर्ट कहती है कि ईवी और उससे जुड़े क्षेत्र में 9.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक और साइट इंजीनियर जैसी भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि होने का अनुमान है।

### वेतन वृद्धि अब मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं

टीमलीज सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम ए ने कहा, भारत का वेतन ढांचा पहले की तुलना में अधिक विविध और प्रदर्शन-आधारित होता जा रहा है। अब वेतन बढ़ोतरी के रुझान अलग-अलग क्षेत्रों की वृद्धि और विशेष कौशल पर निर्भर कर रहे हैं। वेतन वृद्धि अब केवल बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। छोटे और उभरते शहर भी अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

## चिंतन

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।



केंद्र के 12 वर्ष
नायब सिंह सैनी

# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा।

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा।

इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी



योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। 'वैक्सीन मैत्री' अभियान के माध्यम से भारत ने लगभग 60 देशों की सहायता की और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यही वह समय था जब 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने लगा। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक है। एक समय था जब भारत वैश्विक घटनाओं का पर्यवेक्षक माना जाता था।लेकिन, आज भारत वैश्विक विमर्श का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को विश्व मंच तक पहुंचाना और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाना माननीय प्रधानमंत्री की वैश्विक कूटनीति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। भारत की इस विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसकी युवा शक्ति है। आज का युवा रोजगार सृजक बनने की आकांक्षा रखता है। आज भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हमारे सामने है। यह लक्ष्य 140 करोड़ भारतीयों का राष्ट्रीय संकल्प है। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विरासत
डॉ. घनश्याम बादल



# क्या सचमुच नेहरू से आगे निकल गए मोदी!

भारतीय राजनीति में प्रतीकों का महत्व हमेशा से वास्तविकताओं जितना ही रहा है। कभी किसी नेता की टोपी पहचान बन जाती है, कभी किसी का चश्मा और कभी किसी का रिकॉर्ड। 10 जून 2026 को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के उस पड़ाव का उत्सव मनाया जा रहा है, जब वे स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले नेता के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पार करने का दावा कर रहे हैं। स्वाभाविक है कि यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में मोदी का कार्यकाल नेहरू से लंबा माना जाना चाहिए? यदि हां, तो किस आधार पर? और यदि नहीं, तो क्यों? उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र में ऐसी तुलनाएं उपयोगी हैं या फिर वे इतिहास को राजनीतिक हथियार में बदलने का प्रयास हैं? सबसे पहले तथ्य। नेहरू 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक लगभग 16 वर्ष 9 माह तक प्रधानमंत्री रहे। मोदी 26 मई 2014 से लगातार प्रधानमंत्री हैं, और 10 जून को हुए 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। लेकिन जवाहरलाल नेहरू 1947 से 1952 तक अंतरिम प्रधानमंत्री रहे, क्योंकि भारत में लोकसभा का पहला चुनाव 1952 में हुआ। यदि केवल लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल की गणना की जाए तो मोदी का रिकॉर्ड पंडित नेहरू के कार्यकाल से लंबा हो जाता है, लेकिन यदि पद पर रहने की कुल अवधि को नापा जाएगा तो फिर नेहरू से अभी भी मोदी लगभग पौने पांच साल पीछे हैं। भाजपा इसी आधार पर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बता रही है, लेकिन यहीं से बहस शुरू होती है। नेहरू का कार्यकाल उस दौर का था, जब देश विभाजन के घावों से जूझ रहा था। करोड़ों शरणार्थियों का पुनर्वास करना था, रियासतों का एकीकरण पूरा करना था, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना करनी थी और एक नए राष्ट्र-राज्य की बुनियाद रखनी थी। दूसरी ओर, मोदी उस भारत के प्रधानमंत्री बने, जो पहले से स्थापित लोकतांत्रिक ढांचे, मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था और अपेक्षाकृत स्थिर अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा था। इसलिए केवल दिनों की संख्या के आधार पर दोनों की तुलना करना वैसा ही है, जैसे किसी इमारत की छत बनाने वाले की तुलना उसकी नींव डालने वाले से करना। यह भी सच है कि लोकतंत्र में चुनाव जीतना आसान नहीं होता। मोदी ने लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भाजपा को केंद्र की सत्ता तक पहुंचाया है। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। भारतीय राजनीति में लंबे समय तक जनसमर्थन बनाए रखना अपने आप में एक बड़ी राजनीतिक सफलता है। इसलिए यदि भाजपा इसे जनादेश की निरंतरता का उत्सव कहती है तो उसमें कोई अस्वाभाविकता नहीं है। नेहरू और मोदी की तुलना केवल उपलब्धियों या असफलताओं की सूची बनाकर नहीं की जा सकती। दोनों अलग-अलग युगों के नेता हैं। नेहरू की चुनौती भारत को खड़ा करना थी, मोदी की चुनौती भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करना है। अब प्रश्न आता है कि भाजपा इस रिकॉर्ड का उत्सव क्यों मना रही है? इसका उत्तर राजनीति के स्वभाव में छिपा है। राजनीति केवल वर्तमान का प्रबंधन नहीं, इतिहास की व्याख्या का संघर्ष भी है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति में नेहरू परिवार और कांग्रेस की विरासत प्रमुख रही। मोदी युग में भाजपा उस ऐतिहासिक विमर्श को बदलने का प्रयास कर रही है। नेहरू के रिकॉर्ड को पार करने का उत्सव वस्तुतः एक प्रतीकात्मक घोषणा है कि भारतीय राजनीति का केंद्र अब बदल चुका है। यह केवल एक रिकॉर्ड का जश्न नहीं, बल्कि एक वैचारिक संदेश है। भाजपा अपने समर्थकों को यह बताना चाहती है कि जिस राजनीतिक धारा को कभी हाशिए पर माना जाता था, वही आज भारतीय राजनीति का मुख्य प्रवाह बन चुकी है। इसलिए यह उत्सव प्रशासनिक से अधिक राजनीतिक महत्व रखता है। लोकतंत्र में तुलना स्वाभाविक है, लेकिन तुलना का आधार संतुलित होना चाहिए। यदि तुलना केवल कार्यकाल की लंबाई पर होगी तो वह अधूरी होगी। यदि तुलना केवल उपलब्धियों पर होगी तो भी पक्षपात का खतरा रहेगा। इतिहास का मूल्यांकन समय, परिस्थितियों और चुनौतियों के संदर्भ में होना चाहिए। लोकतंत्र में किसी नेता को बड़ा साबित करने के लिए दूसरे को छोटा साबित करना आवश्यक नहीं है। कौन बड़ा है, इसका निर्णय राजनीतिक दलों के उत्सव नहीं, बल्कि इतिहास और आने वाली पीढ़ियां करेंगी। फिलहाल इतना अवश्य कहा जा सकता है कि रिकॉर्ड टूटते हैं, लेकिन विरासतें केवल समय की कसौटी पर ही बनती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
## दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा: भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *– मोनिका, करनाल*

## करंट अफेयर

# भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का 'हल्का विस्तार' किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6




ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4.5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।

## ट्रेंड

### दयनीय स्थिति



बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### हिंदू व्यापारियों पर रेड



आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को संरक्षण



रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।
- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### गैर-जरूरी मुद्दे



एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?
- **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ दिलाएं: सीएम

संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों का किया जाए सकारात्मक निराकरण

**प्रदेश में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिमुलेटरी स्पेस सेंटर की होगी स्थापना**

**मुख्यमंत्री ने की पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग की ओर से उद्यम व स्वरोजगार योजना में दी जाने वाली सब्सिडी व ऋण सहायता सुलभ व समय में देकर उसके उपयोग की मॉनीटरिंग भी की जाए। विभाग अपनी विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण कराने के अलावा संबंधित हितग्राही को बैंक से समुचित सब्सिडी, ऋण दिलाने में भी हितग्राही का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी इसके लिए स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय करके काम करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को सरकार की ओर से दी जा रही छात्रवृतियां उसी वर्ष तय तारीख तक आवश्यक रूप से वितरित कर दी जाए, जिस वर्ष में वह छात्रवृत्ति देय है।


पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा करते सीएम।

### हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए। उद्देश्य पूर्ति के लिए किसी भी तकनीकी समस्या या अन्य प्रक्रियात्मक त्रुटियों का तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी प्रकार की वक्फ संपत्तियों की प्रविष्टियाँ केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'उम्मीद पोर्टल' पर आवश्यक रूप से की जाए तथा वक्फ संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों के निराकरण के लिए लगातार मॉनीटरिंग कर उनका सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि 'उम्मीद पोर्टल' में वक्फ सम्पत्तियों की प्रविष्टियों के मामले में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है।

### विभागीय लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कर लिया जाए। विभागीय जांच निर्धारित समय सीमा में पूरी कर समुचित निराकरण करें। सभी निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मासिक, मासिक अंतराल पर विस्तृत समीक्षा कर उन्हें समय सीमा में ही पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सभी विभागीय योजनाओं की जरूरतमंदों, आवेदकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक 'वर्चुअल वॉयस असिस्टेंस टूल' विकसित किया जा रहा है।

### 'एमपी ऑनलाइन' के जरिए करें जागरुक

साथ ही 'डिजिटल मार्केटिंग फॉर प्रमोटिंग डिपार्टमेंटल एक्टिविटी' के तहत विभाग 'डिजिटल मार्केटिंग' के जरिए विद्यार्थियों को 'एमपी ऑनलाइन' के जरिए जागरूक भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने इस विभागीय नवाचार को 'एमपी ई-सेवा पोर्टल' से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि ओबीसी सहित अन्य सभी वर्ग के विद्यार्थियों को उनके लिए संचालित रोजगारपरक एवं स्वरोजगार स्थापना से जुड़ी योजनाओं की जानकारी का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश प्रभारी ने की प्रदेश महामंत्री और संभाग प्रभारियों के साथ बैठक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

### संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि का महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

**भोपाल।** सोमवार को मध्य प्रदेश शासन ने प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की सीपीआई इंडेक्स के तहत वेतनवृद्धि के आदेश जारी किए हैं। आज जो मध्य प्रदेश शासन ने सीपीआई इंडेक्स में बढ़ोतरी की है, उसका मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया। साथ ही मांग की है कि नियमित पदों पर संविदा कर्मचारियों का संविलियन किया चाहिए और नियमित कर्मचारियों के समान ही सभी वेतनमान और भत्ते दिए जाने चाहिए।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. 12-13 को मनाएगी 24वां स्थापना दिवस

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 और 13 जून को कंपनी मुख्यालय सहित भोपाल और ग्वालियर क्षेत्रों के विभिन्न कार्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों, पौधरोपण और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

पीथमपुर में बनेगी हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफेक्चरिंग यूनिट, मुख्यमंत्री ने कहा

# भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में तेजी के साथ बढ़ रही मप्र की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत आज पूरी दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र, वैश्विक सप्लाई चेन पार्टनर और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में मप्र की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। मप्र आज हर क्षेत्र में निवेश के नए युग में प्रवेश कर आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह (वर्चुअल ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर कंपनी की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सांकेतिक भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मप्र के पीथमपुर को चुना है।



हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह को वीसी के माध्यम से संबोधित करते मुख्यमंत्री।

- मुख्यमंत्री ने वीसी से किया यूनिट का भूमि-पूजन
- दो हजार करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित हो रही इस यूनिट से एक हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

### हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह नए दौर का मप्र है। हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है। मप्र में निवेश के इच्छुक सभी निवेशकों को उद्योग स्थापना से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक हर स्तर पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। बताया गया कि हेलियन ग्रुप की इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के माध्यम से करीब 1000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कंपनी की ओर से इस प्लांट में 30 प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखने की सराहना करते हुए कहा कि यह सरकार के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और मजबूती देगा।

### दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मात्रा के आधार पर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश है। यहां 3 हजार से अधिक कंपनियां और 10 हजार 500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां दवाओं का उत्पादन कर रही हैं। मप्र में 300 से अधिक फार्मा कम्पनियां तथा 30 से अधिक एपीआई और बल्क ड्रग्स निर्माता सक्रिय हैं। निर्मित दवाएं अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में निर्यात हो रही हैं।

### 2 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक भूमि-पूजन अवसर पर हेलियन ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर आपके सहयोग के लिए साथ खड़ी है। कंपनी ने मप्र में तात्कालिक तौर पर 2 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की मप्र में निवेश राशि 2 हजार करोड़ रुपए से 2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।*

### मुख्यमंत्री ने कंपनी के सीईओ ब्रायन का प्रतीक चिन्ह देकर किया अभिनंदन

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मप्र औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड चंद्रमौली शुक्ला, हेलियन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ब्रायन मैकनामारा, हेलियन इंडिया के अध्यक्ष (भारतीय उप महाद्वीप) केदार लेले,



पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हरजिंदर कांग, हेलियन इंडिया की चीफ सप्लाई चेन ऑफिसर नम्रता पटेल, हेलियन इंडिया के कार्यपालिक उपाध्यक्ष नितिन माथुर, हेलियन इंडिया की संचालक (कॉर्पोरेट अफेयर्स एण्ड सीएसआर) वेदिका कपूर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीएम ने कंपनी के सीईओ ब्रायन का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

सीएम ने फिल्म की टीम को दी बधाई

# 'भारत भाग्य विधाता' की प्री-लॉन्च स्क्रीनिंग, स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयोजित फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की प्री-लॉन्च स्क्रीनिंग के दौरान 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान सेवा और साहस का परिचय देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष सम्मान दिया गया। जोरा स्थित एक मॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह फिल्म उन लोगों की कहानी को सामने लाती है, जिन्होंने संकट की घड़ी में मानवता की रक्षा के लिए अपने जीवन की परवाह नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 2008 के आतंकी हमले के दौरान अस्पतालों में कार्यरत नर्सों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने असाधारण साहस दिखाते हुए सैकड़ों लोगों की जान बचाई थी। बावजूद इसके, उनके योगदान को वह पहचान नहीं मिल सकी जिसके वे हकदार थे। यह फिल्म उन्हीं अनसुने नायकों को समर्पित है।

### अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने भी लिया हिस्सा

कार्यक्रम में अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक मनोज तापड़िया छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं और उनकी इच्छा थी कि फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग उनके गृहप्रदेश में आयोजित की जाए। उन्होंने आयोजन में शामिल होने और फिल्म टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कई स्वास्थ्यकर्मियों और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को 'भारत भाग्य विधाता वॉरियर्स' सम्मान से भी नवाजा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी फिल्में समाज के उन चेहरों को पहचान दिलाने का काम करती हैं, जो बिना किसी प्रचार के मानव सेवा में अपना योगदान देते हैं।

# फंदे पर लटका मिला कैदी का शव, जेल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल जांजगीर में एक कैदी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान दुवास राम केंवट (21) निवासी ग्राम जवाली, थाना बांकीमोंगरा, जिला कोरबा के रूप में हुई है। वह अनाचार और अपहरण के एक मामले में गिरफ्तार होने के बाद एक दिन पहले ही जेल भेजा गया था। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह जेल परिसर के बाथरूम की सफाई के लिए कर्मचारी पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने एक कैदी को बाथरूम की खिड़की में कपड़ा बांधकर फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। घटना की सूचना तत्काल जेल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई।



### पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

*सूचना मिलते ही सीएसपी योगिता बाली खापर्डे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम और साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार दुवास राम केंवट को बलौदा पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और अनाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। 8 जून को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जिला जेल भेजा गया था।*

10 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नाबालिग प्रेमिका से अवैध संबंध बनाकर बना लिया वीडियो, दोस्तों ने किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र में शर्मनाक घटना सामने आई है। प्रेमी ने प्रेमिका के साथ अवैध संबंध बनाकर उसका वीडियो बना लिया और दोस्तों को दिखा दिया। वीडियो वायरल होने की बात कहकर गांव के अन्य युवकों ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का दबाव डाला। शिकायत के बाद बालको पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 17 साल की है और 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी है। उसका हीरो लाल चौहान उम्र (30 वर्ष) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि हीरो लाल ने लड़की के साथ संबंध बनाए और चुपके से वीडियो बना लिया। बाद में उसने यह वीडियो अपने दोस्तों को दिखा दिया। वीडियो की बात गांव के अन्य युवकों तक पहुंच गई।




### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर की शिकायत

वीडियो बनने और देखे जाने की बात कहकर गांव के कई युवक लड़की को ब्लैकमेल करने लगे। कुछ ने संबंध बनाने का दबाव डाला तो कुछ ने गलत इशारे कर परेशान किया। लगातार ब्लैकमेलिंग से तंग आकर लड़की टूट गई। वीडियो की बात जब पीड़िता के भाई तक पहुंची तो वह बहन को लेकर बालको थाना पहुंचा और पुलिस से शिकायत दर्ज कराई।

### बालको थाना क्षेत्र का मामला

शिकायत के बाद बालको थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में होरी लाल चौहान उम्र 30 वर्ष, कन्हैया सिंह उम्र 25 वर्ष, उदय चौहान 22 वर्ष, मनीष चौहान उम्र 22 वर्ष, बुग्गु चौहान उम्र 21 वर्ष, राकेश सिंह उम्र 40 वर्ष, दशरथ पटेल उम्र 32 वर्ष, चित्रभान पटेल उम्र 30 वर्ष, शत्रुहन चौहान 25 वर्षीय, योगेश चौहान 22 वर्षीय शामिल हैं।

### घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप

पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस घटना के बाद बालको क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। नाबालिग से जुड़े मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

जब्त मोबाइलों की कीमत करीब 26.62 लाख रुपए

# 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' के तहत 150 गुम मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीईआईआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने 150 गुम मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 26.62 लाख रुपये है।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने कोरबा पुलिस का आभार जताया। साइबर सेल और जिले के सभी थाना-चौकी स्टाफ के संयुक्त प्रयास से गुम मोबाइलों को विभिन्न जिलों और राज्यों से ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद फोन में एप्पल, सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रेडमी, रियलमी और वनप्लस जैसी कंपनियों के महंगे मोबाइल शामिल हैं। सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी मदद से इन मोबाइल फोनों को खोजकर उनके मालिकों तक पहुंचाया गया।



साइबर पुलिस थाना कोरबा ने पिछले पांच महीनों में 300 से अधिक गुम मोबाइल ट्रैक कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस दिलाए हैं। मंगलवार को साइबर थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 150 लोगों को उनके मोबाइल सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन दोबारा मिल पाएगा।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल पर नारेबाजी

उचित कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# वनरक्षक एवं जेल प्रहरी सहित 4 परीक्षाओं का निरस्त होने पर अभाविप ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित वनरक्षक, जेल प्रहरी, सहायक जेल अधीक्षक एवं क्षेत्र प्रहरी भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली को सर्वर में आई तकनीकी खराबी के कारण निरस्त किए जाने के विरोध में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।


अभाविप ने किया प्रदर्शन।

परिषद ने इस घटना को विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने कहा कि प्रदेश स्तरीय परीक्षा के इस प्रकार अचानक निरस्त होने से हजारों परीक्षार्थियों को भारी मानसिक पीड़ा, समय की बर्बादी एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। साथ ही विद्यार्थियों के मन में परीक्षा प्रणाली के प्रति गहरा संशय, असंतोष एवं निराशा का भाव उत्पन्न हुआ है। अभाविप इस पूरी घटना पर गहरा रोष व्यक्त करती है। प्रदर्शन के दौरान परिषद ने मांग की कि परीक्षा निरस्त होने के मूल कारणों तथा सर्वर की इस गंभीर तकनीकी खामी की जांच के लिए तत्काल उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। साथ ही इस तकनीकी विफलता एवं अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, तकनीकी एजेंसियों एवं अन्य दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### अगली परीक्षा में सर्तकता बरतें

अभाविप ने यह भी मांग की कि आगामी 20 जून को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल एवं राज्य सरकार विशेष सतर्कता बरतें तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, सर्वर फेलियर अथवा तकनीकी विसंगति को रोकने के लिए व्यापक, पारदर्शी एवं पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। अभाविप मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि अंतिम क्षणों में परीक्षा का रद्द होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो अभाविप उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## एनएसयूआई ने कर्मचारी चयन मंडल के ऑफिस का घेराव कर किया प्रदर्शन


विरोध प्रदर्शन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 की परीक्षा रदद् होने पर सोमवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। पदाधिकारी-कार्यकर्तार्ओं ने व्यापमं चौराहा स्थित कर्मचारी चयन मंडल के ऑफिस का घेराव कर नारेबाजी की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इसके बाद संयुक्त परीक्षा नियंत्रक दिनेश अग्रवाल को अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

**मप्र कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

### होटल, लॉज और कोचिंग सेंटर किए गए सील

# फायर सेफ्टी को मजबूत करने निगमायुक्त सख्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और मॉनसून से पहले नागरिक सुरक्षा को पुख्ता करने समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उनका मुख्य फोकस सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निपटारा करने, शहर के नाला-नालियों की सघन सफाई और सबसे महत्वपूर्णकृऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी मानकों को दुरुस्त कराने पर रहा।

**फायर सेफ्टी पर बड़ा कदम**

शहर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए निगमायुक्त ने अस्पतालों, होटलों, कोचिंग संस्थानों, मॉल और अन्य बहुमंजिला व ऊंची इमारतों में फायर फाइटिंग सिस्टम की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य को पूरी पारदर्शिता और कड़ाई से पालन करने के लिए निगमायुक्त ने फायर अधीक्षक, अतिक्रमण दस्ता और भवन अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संयुक्त टीम मिलकर सभी ऊंची इमारतों का औचक निरीक्षण करे। जिन संस्थानों में फायर एनओसी नहीं है या सुरक्षा उपकरण बंद पड़े हैं, उन्हें तुरंत दुरुस्त कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सफाई व्यवस्था को लेकर दिए कड़े निर्देश

बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नागरिकों की शिकायतों का समय सीमा के भीतर और पूरी संतुष्टि के साथ निराकरण करना अधिकारियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने शहर के बड़े नाले और नालियों की सफाई व्यवस्था को और तेज करने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की स्थिति से बचा जा सके और संक्रामक बीमारियों पर रोक लगाई जा सके।



शहर में अग्नि सुरक्षा, भवन अनुज्ञा और लाइसेंस संबंधी नियमों की अनदेखी पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन संस्थानों को सील किया। संयुक्त दल द्वारा लार्डगंज-कछियाना स्थित नागौद लॉज, करमचंद चैक स्थित स्टैण्डर्ड होटल और राइट टाउन स्थित नारायणा कोचिंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन संस्थानों में अग्निशमन व्यवस्थाओं, भवन उपयोग, आवागमन मार्ग, पार्किंग, वेंटिलेशन और लाइसेंस संबंधी गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। जन-सुरक्षा की दृष्टि से इन कमियों को गंभीर मानते हुए तत्काल सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अधारताल सुश्री नीलू बागरी, नगर निगम अग्निशमन अधिकारी कुशाग्र ठाकुर, सहायक अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्र पटेल एवं निलेश पाटीदार, प्रभारी अतिक्रमण निरोधक अधिकारी कृष्णा पाल सिंह रावत तथा भवन विभाग के उपयंत्री दिग्दर्श सिंह, यशवंत सोनी और अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको ने बिरसिंहपुर फीडर के 400 केवी सर्किट ब्रेकर की इन-हाउस ओवरहॉलिंग कर बचाए 50 लाख रुपये



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के टेस्टिंग सर्किल जबलपुर के अभियंताओं ने 400 केवी सबस्टेशन कटनी में स्थित बिरसिंहपुर नंबर-2 फीडर के 400 केवी एबीबी सर्किट ब्रेकर की सफल इन-हाउस ओवरहॉलिंग कर कंपनी को लगभग 50 लाख रुपये की बचत कराई। यह कार्य अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.सी. शर्मा की पहल पर लगभग एक सप्ताह तक सतत प्रयासों के बाद पूरा किया गया। यह सर्किट ब्रेकर बिरसिंहपुर ताप विद्युत गृह से आने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण 400 केवी फीडर पर स्थापित है, जो लगभग 350 मेगावाट विद्युत का पारेषण करता है। फीडर की अहमियत के कारण ब्रेकर की विश्वसनीयता बढ़ाने और ग्रिड सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस ओवरहॉलिंग का विशेष महत्व है। लगभग 20 वर्ष पुराने फर्स्ट जेनरेशन ब्रेकर के स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध न होने के बावजूद कटनी डिवीजन की टीम ने अपनी तकनीकी दक्षता और अनुभव का परिचय देते हुए निरीक्षण, परीक्षण, मरम्मत और आवश्यक पार्ट्स का प्रतिस्थापन किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस संभाग दमोह और कटनी का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अभियंताओं और कर्मचारियों की सराहना करते हुए इसे कंपनी की तकनीकी क्षमता, संसाधनों के कुशल उपयोग और आत्मनिर्भर कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको के अभियंता महत्वपूर्ण उपकरणों के रखरखाव और पुनर्संचालन में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

# जिला कांग्रेस ने बिरसा मुंडाजी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

**जबलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण एवं शहर) ने महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर संजय यादव (जिला ग्रामीण अध्यक्ष) और सौरभ शर्मा (शहर कांग्रेस अध्यक्ष) के नेतृत्व में अधारताल चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।मुख्य वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा जी ने अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने आदिवासी अधिकारों, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार अन्याय और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देते हैं।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, सतीश तिवारी, शिव नामदेव, संगठन मंत्री रितेश गुप्ता, विवेक यादव, रज्जू सराफ, रविन्द्र गौतम, रुक्मिणी गोटिया, रिजवान अली कोटी, सुभाष पटेल, मनोज नामदेव, अशोक यादव, संगीता सिंह, चमन पासी, प्रकाश, अतुल विश्वकर्मा और सुमरू कोल उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने उनके जीवन और संघर्षों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सिंधी विद्या समिति विद्यालय में कन्या पूजन एवं स्वागत समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री के दायित्व ग्रहण करने के उपरांत आज सिंधी विद्या समिति विद्यालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर कन्याओं का विधिवत पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में कन्याओं को देवी स्वरूप और नारी शक्ति को नवदुर्गा का प्रतीक माना जाता है। इसी श्रद्धा एवं आस्था के भाव के साथ कार्यक्रम अत्यंत आध्यात्मिक, प्रेरणादायक और हृदय को आनंदित करने वाला रहा। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त करते हुए



समाज में नारी सम्मान, संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर भी विचार साझा किए गए। कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा।

कन्या पूजन के पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ द्वारा उपस्थित अतिथियों का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार द्वारा व्यक्त किए गए स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं ने उपस्थित जनों को अभिभूत कर दिया। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत रूप से गौरव का विषय है, बल्कि समाज और संगठन के प्रति और अधिक समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रिंसिपल धारा कश्यप जी, हेड मिस्ट्रेस अंकित विश्वकर्मा जी, शिक्षकगण एवं उपस्थित जनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की गई।



## राम कुमार साहू को जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**जबलपुर।** जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन ने राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में योगदान के लिए रामकुमार साहू (रामू जी वाटर पार्क) का सम्मान किया। यह सम्मान ओ एफ स्पोर्ट्स क्लब, जय बजरंग व्यायामशाला, खमरिया में आयोजित समारोह में दिया गया। सम्मान समारोह में व्यायामशाला के संरक्षक श्री दत्ता भाऊ टिंगरे, जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव एस. टेंडेलू, प्रकाश चौकसे, दीपक टिंगरे और राकेश तिवारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और जय बजरंग व्यायामशाला के सभी सदस्य भी समारोह में शामिल हुए।

# जबलपुर के युवाओं के लिए खुल सकते हैं रोजगार के नए अवसर

### जर्मनी के शिक्षा मंत्रालय के साथ डॉ. अनुराग सोनी की उच्चस्तरीय चर्चा

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय मोटिवेटर, शिक्षाविद् एवं युवा प्रेरक डॉ. अनुराग सोनी ने जर्मनी के शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और वैश्विक रोजगार अवसरों पर उच्चस्तरीय चर्चा की। जर्मनी प्रवास के दौरान उनका सम्मान किया गया तथा फ्रैंकफर्ट में उनके सम्मान में आधिकारिक रात्रिभोज का आयोजन भी किया गया।

बैठक में जर्मनी के वरिष्ठ अधिकारी कोनराड न्यूफेल्ड, स्टेफन कोगलर और डॉ. कॉर्नेलिया एबरले सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। दस दिवसीय दौरे के दौरान डॉ. सोनी ने चैंबर ऑफ क्राफ्ट्स स्टुटगार्ट, वोकेशनल बिजनेस स्कूल गोपिंगेन, स्टाइनहोवेल-शूले और यूनिवर्सिटी ऑफ मैनहाइम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कर जर्मनी की ड्यूल वोकेशनल




ट्रेनिंग प्रणाली का अध्ययन किया। डॉ. सोनी ने बताया कि जर्मनी में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक भारतीय विद्यार्थियों के लिए जर्मन भाषा का ज्ञान और आवश्यक ब्रिज कोर्स पूरा करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों में जर्मनी में कुशल मानव संसाधन की बड़ी मांग है, जिससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। जबलपुर और भारत के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से डॉ. सोनी ने जर्मन प्रतिनिधिमंडल को जबलपुर आने का आमंत्रण दिया। साथ ही कौशल आधारित प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना और रोजगार सृजन के लिए सहयोगात्मक पहल का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें वैश्विक करियर के लिए तैयार करना है।

## नगर निगम ने वर्षा ऋतु के लिए शुरू किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष, सभी 16 संभागों में तैनात टीमें अलर्ट पर

**जबलपुर।** वर्षा ऋतु में जलप्लावन की संभावित समस्या से निपटने के लिए नगर निगम जबलपुर ने मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था की गई है।नागरिक किसी भी आपात स्थिति में मुख्यालय कंट्रोल रूम के नंबर 7614023227, 7612610917 एवं 101 पर संपर्क कर सकते हैं। शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जल निकासी एवं राहत कार्य करेगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर शिकायत पंजी रजिस्टर की जांच की तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 24 घंटे शिफ्टवार अलर्ट रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर, सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल एवं नीलेश पाटीदार उपस्थित रहे। नगर निगम ने सभी 16 संभागों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है, जिनमें कृष्णपाल सिंह रावत, दिनेश प्रताप सिंह, पंकज अवस्थी, शैलेन्द्र सिंह कौरव, अनुपम शुक्ला, प्रदीप मरावी, सुरेन्द्र मिश्रा, मोहित नागर, जागेन्द्र सिंह, नरेश शर्मा, संतोष पाण्डेय, शामिल है।



## प्राइवेट स्कूलों ने एक साथ जिला प्रशासन को सौंपा आरटीई लंबित भुगतान का ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एकसाथ, एक ही दिन एवं समय पर निजी विद्यालय संचालकों ने आरटीई लंबित भुगतान की समस्या को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में जबलपुर में कलेक्टर महोदय एवं जिला परियोजना समन्वयक , जबलपुर को मां सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जबलपुर और प्राइवेट स्कूल वेलफ़ेयर संचालक मंच के नेतृत्व में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कई वर्षों से आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि लंबित होने के कारण निजी विद्यालय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। शिक्षकों के वेतन, विद्यालय संचालन और अन्य आवश्यक खर्चों का निर्वहन कठिन हो गया है। एसोसिएशन ने मांग की कि लंबित भुगतान शीघ्र निपटाया जाए, ताकि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रह सके। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि निर्धारित समय-सीमा तक भुगतान नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के निजी विद्यालय संचालक विस्तृत आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहेः नमन जैन, कमल कान्त दिवेदी, विजयकांत तिवारी, मुकेश साहू, विनीत जैन, विजय मिश्रा, वाय के दुबे, अलका गुप्ता, अर्चना गौर, परिधि श्रीवास्तव, प्रेम थापा, अरुण राठौर, डॉ. रितेश सैनी और अन्य लगभग 50 संचालक साथी।



## समर थीम पर कलचुरी फैमिली क्लब का आयोजन, मानसून की फुहारों का किया इंतजार

**जबलपुर।** कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा ऑप्शन रेस्टोरेंट में समर थीम पर विशेष सेलिब्रेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने गर्मी के मौसम का आनंद लेने के तरीकों और इससे बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की। साथ ही मानसून की फुहारों के स्वागत को लेकर उत्साह व्यक्त किया गया।

आयोजन के दौरान गर्मियों पर आधारित रोचक गेम्स खेले गए और महिलाओं ने नींबू शिकंजी, आम का पना, आइसक्रीम तथा विभिन्न ठंडे पेय पदार्थों की रेसिपी एवं उपयोगी जानकारियां साझा कीं। सदस्यों ने आम के पने और आइसक्रीम का स्वाद लेकर कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संयोजन कौशलेन्द्र महाजन एवं संचालन राजीव चौकसे ने किया। इस अवसर पर रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेन्द्र-कल्पना महाजन, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, देवेंद्र-आशा चौकसे, राजेश-अर्चना जायसवाल, आनंद-नीता महाजन, नीरज-कविता चौकसे एवं श्रेया महाजन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# घर-घर पहुंचकर दी स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की समझाइश

**जबलपुर।** विश्व पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें पार्षद (एमआइसी सदस्य) विवेकराम सोनकर, नगर पालिक निगम जबलपुर की आईईसी टीम एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को 5-बिन प्रणाली, कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने स्वच्छ एवं हरित जबलपुर के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देना रहा।




## माता सीता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से उपजा रोष, अधिवक्ता ने की एफआईआर की मांग

**जबलपुर** । सिवनी जिले के बरघाट में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान माता सीता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला गरमा गया है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता विवेक तिवारी ने गोरखपुर थाना (जबलपुर) एवं बरघाट थाना (सिवनी) में शिकायत देकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।शिकायत के अनुसार 6 जून 2026 को बरघाट स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आरोप है कि कार्यक्रम के मंच संचालक संदीप उर्फ चंचल तिवारी ने माता सीता के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।शिकायतकर्ता का कहना है कि इस प्रकार के वक्तव्य सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंच पर मौजूद अन्य लोगों ने कथित टिप्पणी का विरोध नहीं किया।अधिवक्ता विवेक तिवारी ने पुलिस से वायरल वीडियो की जांच, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण तथा दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ वीडियो सहित अन्य सामग्री भी पुलिस को उपलब्ध कराई जा रही है।फिलहाल पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **KUMUD TIWARI** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **NEHA DIGHE W/O SANJAY DIGHE** RESIDENT OF-975, SHAKTI NAGAR, NEAR P.N.B., GUPTESHWAR, JABALPUR (M.P.) 482001.

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS MEGHA KARNIK I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS NEHA DIGHE W/O SATISH DIGHE RESIDENT OF-975, SHAKTI NAGAR, NEAR P.N.B., GUPTESHWAR, JABALPUR (M.P.) 482001.

## महंगाई और डंक : पेट्रोल डीजल के दामों में हो सकती है 6 रुपए तक मूल्यवृद्धि


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और तेल कंपनियों पर बढ़ते वित्तीय दबाव के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर मूल्य वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। कीमतों में करीब 6 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि आशंका जताई जा रही है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने अनुसार तेल विपणन कंपनियां 23 रुपए प्रति लीटर घाटा हो रहा था। जिसमें केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 10 रूपए की छूट देकर तेल विपणन कंपनियों के घाटे को कम किया। तो वहीं कंपिनयों मई माह में पेट्रोल -डीजल के दाम में 7 रुपए की मूल्य वृद्धि कर अपने घाटे की भरपाई की। अतः कंपनियों ने 23 रुपए में 17 रुपए तक के घाटे की कम किया और अभी 6 रुपए के घाटे के पूरा करना बाकी है अतः आने वाले दिनों में तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल -डीजल के दाम में 6 रुपए प्रति लीटर तक की मूल्य वृद्धि करेंगी।

# वृद्धि से आम उपभोक्ताओं को ईंधन खर्च में बढ़ोतरी का अभी और करना पड़ सकता है सामना : अजय सिंह

अभी 17 रु. घाटा कम, अब 6 रु. के घाटे को पूरा करना बाकी है | 10 रूपए की छूट, 7 रुपए से अधिक की मूल्यवृद्धि कंपनियों ने की

### महंगाई का दबाव और बढ़ने की संभावना





अजय सिंह

अजय सिंह ने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि परिवहन लागत बढ़ने से खाद्य पदार्थों, रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के दाम भी प्रभावित हो सकते हैं, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ने की संभावना है। यदि कच्चे तेल की कीमतों में राहत नहीं मिली, तो लोगों को ईंधन खर्च में और वृद्धि से जूझना पड़ेगा।

## केंद्र सरकार ने किया साफः घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर और होगा महंगा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति संबंधी चुनौतियों के बीच घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में आगे भी बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने संकेत दिए हैं कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के कारण ईंधन कीमतों पर दबाव बना हुआ है। मंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से सरकार भी चिंतित है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति बाधित होने और परिवहन लागत बढ़ने के कारण कीमतों पर असर पड़ रहा है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Eeco 5 Seater
Model 2024
MP20-ZP-7635
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936,
Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

## कामधेनु ने उत्पादन क्षमता का लक्ष्य बढ़ाया

जबलपुर। टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को 30-35 प्रतिशत और बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, "हम मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है।

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस करेगी इंटेलीस्मार्ट का अधिग्रहण

### 4.7 करोड़ स्मार्ट मीटर का बनेगा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म

अहमदाबाद। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (AESL) ने भारत की प्रमुख स्मार्ट मीटरिंग कंपनी इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। लगभग 3,050 करोड़ रुपये के इस प्रस्तावित अधिग्रहण के बाद AESL के पास 4.7 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर का पोर्टफोलियो होगा, जिससे कंपनी देश का सबसे बड़ा स्मार्ट मीटरिंग प्लेटफॉर्म बन जाएगी। इंटेलीस्मार्ट, नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF) और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) का संयुक्त उपक्रम है। कंपनी के पास उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और असम सहित विभिन्न राज्यों में 2.2 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर का पोर्टफोलियो है। AESL के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि इंटेलीस्मार्ट का अधिग्रहण कंपनी की तकनीकी क्षमता और कार्यान्वयन कौशल को और मजबूत करेगा तथा बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण को गति देगा। उन्होंने बताया कि यह सौदा कंपनी की ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक विकास रणनीति के अनुरूप है। इंटेलीस्मार्ट के एमडी एवं सीईओ अनिल रावल ने कहा कि यह ट्रांजेक्शन स्मार्ट मीटरिंग क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करेगा और बिजली वितरण क्षेत्र के डिजिटलीकरण को नई गति प्रदान करेगा। वहीं, NIIF के मैनेजिंग पार्टनर विनोद गिरी ने इसे भारत के डिजिटल और ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। EESL के सीईओ अखिलेश दीक्षित ने कहा कि यह सौदा डिस्कॉम्स और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगा। हालांकि, इस अधिग्रहण को पूरा करने के लिए अभी नियामकीय और अन्य आवश्यक मंजूरियां प्राप्त होना शेष हैं।

### चेयरमैन बोले- सिर्फ सेंसेक्स ही न देखें

## एसबीआई ने केंद्र सरकार को 8,813 करोड़ रुपए का डिविडेंड सौंपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को 8,813 करोड़ रुपए का डिविडेंड प्रदान किया है। बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को डिविडेंड का चेक सौंपा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह भुगतान एसबीआई के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाता है और केंद्र सरकार की गैर-कर आय में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह कदम ऐसे समय में आया है जब एसबीआई देश के बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



डिविडेंड का चेक सौंपते हुए

## खंड - I ई - निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन
## कार्यालय पश्चिम सामान्य वनमण्डल मण्डला मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04 / ई-टेंडरिंग / 2026-27 दिनांक -

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम सामान्य वनमंडल मण्डला द्वारा म. प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित - 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | ईकाई | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Barbed Wire | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE TYPE B THE BARBS SHALL HAVE FOUR POINTS AND SHALL BE FORMED BY TWISTING TWO POINT WIRES EACH TWO TURNS, TIGHTLY AROUND ONE LINE WIRE MAKING ALL TOGETHER FOUR COMPLETE TURNS LINE WIRE 2.5 MM, POINT WIRE 2.5 MM DISTANCE BETWEEN TWO BARBS 75 MM, CONFORMING TO IS -278-2009 Certificate Compulsory | Per Kg. | 110000/- | 1,000/- |
| 2 | Iron Angle Pole | Shape: L-shaped ( equal or unequal sides). Material: Galvanized Iron ( GI). ( उपरी सिरे से 30 सेमी. मुड़ा) Height : Typically 3 meter Angle iron pole (bend type) 10x40x5 mm approx wt 3.0kg per mtr pole lenth 10 feet and lenth of bend portion shall be 18" for bend type of poles, and poles, the angle of bend shall be 45 deg and identical in all pieces the poles shall be split 12" from bottom in the poles holes of 10mm dia shall be drilled the location of holes shall be measured from the top alone the length of poles hole of 10mm dia at every 9" distance from each other on ther bended porction of the pole and hole of 10mm dia at every 18" inchs distance from each other on the straight portion of the pole the pole shall be painted with two coats of red oxide paint as detail given in tender document. | Nos. | | |
| 4 | Galvanised Steel Chainlink fence | Mesh Wire - Galvanised steel wire of 3.15 mm diameter Fabric Size 75x75 mm Line Wire -2 numbers of line wires of 4.00mm diameter Standard - Conforming to Is 2721-2003, with up to date amendments. Certificate Compulsory | per sqmt. | | |

1.निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 10/06/2026 Time 12:00pm बजे से दिनांक 01/07/2026 Time 12:00pm वजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/, www.mpforest.org 6. निविदा पूर्व वैठक लिंक- https://meet.google.com/bwg-kfjo-org

### खंड - II निविदाकारों के लिए निर्देश (आईटीबी)

अ . महत्वपूर्ण तिथियां / सामान्य जानकारी

| क्रमांक | जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | संक्षिप्त विवरण | पश्चिम सा. वनमण्डल मण्डला में किये जाने वाले वानिकी कार्य की सामग्री क्रय करने हेतु दरों की निविदा |
| 2 | ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | 04 |
| 3 | निविदा शुल्क / निविदा दस्तावेज की लागत | 1000/- प्रोसेसिंग शुल्क |
| 4 | सत्यांकार निधि | 110000/- |
| 5 | निविदा प्रस्ताव की वैधता | उस वित्तीय वर्ष के भीतर जिसमें वनमण्डलाधिकारी पश्चिम सा. वनमण्डल मण्डला द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। |
| 6 | निष्पादन सुरक्षा | सूची सलग्न है-फर्म प्रत्येक सामग्री हेतु जिसके लिये निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत कर रही है पृथक पृथक दर्शित राशिकी निष्पादन प्रतिभूति जमा करेगी। |
| 7 | अनुमानित निविदा मूल्य | 37,00,000/- |
| 8 | निविदा पूर्व बैठक की तिथि और समय | 22/06/2026, Time - 12:00PM |
| 9 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (अंतिम तिथि ) | 01/07/2026, Time - 12:00PM |
| 10 | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | 02/07/2026, Time - 12:00PM |
| 11 | प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | 03/07/2026, Time - 12:00PM |
| 12 | जमा करने का प्रकार | ऑनलाइन जमा https://mptenders.gov.in/ पर करें |

G-14154/26 "स्वच्छता ही सेवा" D.F.O. West (T) Division Mandla

# हेलियोन लगाएगी 2000 करोड़ की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट

### 500 से अधिक रोजगार सृजित होंगे



नई दिल्ली/पीथमपुर। वैश्विक कंज़्यूमर हेल्थ कंपनी हेलियोन ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में अपनी पहली भारतीय मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 2000 करोड़ के निवेश की घोषणा की है। स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनने वाली यह अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड यूनिट ओरल हेल्थ उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होगी और घरेलू बाजार के साथ-साथ निर्यात आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। इस निवेश की घोषणा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, हेलियोन के सीईओ ब्रायन मैकनामारा, हेलियोन इंडिया एवं आईएससी के सीईओ केदार लेले तथा चीफ सप्लाई चेन ऑफिसर नम्रता पटेल की उपस्थिति में की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हेलियोन का यह निवेश मध्य प्रदेश को प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हेलियोन के सीईओ ब्रायन मैकनामारा ने कहा कि भारत कंपनी के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है और यह नई फैक्ट्री वर्ष 2030 तक भारत में 30 करोड़ से अधिक नए ग्राहकों तथा वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ नए ग्राहकों तक पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2029-30 तक उत्पादन शुरू करने वाली इस यूनिट से 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जबकि बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। कंपनी कार्यबल में 30 प्रतिशत तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

## एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा2 नियो और प्रो की समीक्षा, बिक्री से पहले ओपन ट्रायल में बदल दी

नई दिल्ली। भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा2 नियो और नोवा2 प्रो को देशभर के रिव्यूअर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और टेक समुदाय को बिक्री शुरू होने से पहले उपलब्ध कराने की घोषणा की है। कंपनी ने इस पहल को कोई प्रतिबंध, तयशुदा संदेश या इन्फ्लुएंसर किट के बिना किया है, ताकि निष्पक्ष फीडबैक प्राप्त हो सके।कंपनी के सीईओ माधव शेठ ने कहा कि यह कदम पारदर्शिता और उपभोक्ता हित को प्राथमिकता देने का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन को तब तक बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जब तक समीक्षकों को अपने विचार साझा करने के लिए सात दिन का समय नहीं मिल जाता। समीक्षा में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर प्रदर्शन, कैमरा, बैटरी लाइफ और समग्र यूजर अनुभव शामिल होंगे।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2026-27 /04/पी.आर.ओ./278 दिनांक 09/06/2026 | Supply of 45watt Decorative LED post Top Luminaire. | 02 माह एवं 491598/- | 2000/- एवं 4916 | 29/06/2026 (1st Call) |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय )
नगर पालिक निगम, जबलपुर

आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /12/जून 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/ 1441 /लोनिवि/नपानि/2026-27 **- प्रथम निविदा सूचना-** छिन्दवाड़ा दिनांक 9/6/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _514211_1 Dated 10/06/2026 | जम्होड़ी पंडा स्थित इन्टेक वेल में स्थापित 220 kw के मोटर मरम्मत कार्य | 1- 15 दिवस | 1- 2000 2- 5000 | 24/06/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## जेप्टो ने आईपीओ के लिए सेबी में दाखिल किया यूडीआरएचपी-I

जबलपुर। जेप्टो लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना यूडीआरएचपी-I (अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस-I) दाखिल किया है। रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2026 के बीच ऑर्डर वॉल्यूम के आधार पर स्केल्ड क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्मों में जेप्टो सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्लेटफॉर्म रहा है। प्रस्तावित आईपीओ में 8,010 करोड़ तक का फ्रेश इश्यू तथा 5 अंकित मूल्य वाले 11 करोड़ 34 लाख 66 हजार 566 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है।

## शब्द पहेली - 6252



**बाएँसेदाए±**
1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 6251 का हल



## सूडोकु नवताल - 6262

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6261 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

**लाइफ Style**

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



## हॉलीवुड मसाला



# नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




# कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरीः द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



# श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



# प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्वल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

## टीवी मसाला



# टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

## बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

# नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

# ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

## मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला


*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### *पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी*

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

1994: पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।

वहीं 2026 में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

1994 : पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।

2026: तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

1994 : विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।

वहीं 2026 में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

#### मैदानों का आकार

1994: उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।

2026: सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

1994: विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।

2026: मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

1994: गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।

2026: प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाडी

1994: एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।

2026: प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी। आखिरी दो मैच बारिश की भेंट चढ़ने से श्रीलंका ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। दोनों टीम के बीच अब तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को किंग्सटन में होगा।

### सोमालिया के रैफरी को नहीं मिली यूएसए में एंट्री

**मियामी।** अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया के रैफरी उमर अर्टन फीफा विश्व कप में अधिकारी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने बताया कि सोमालिया के एक नागरिक को शनिवार को इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। इस व्यक्ति को विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभानी थी। हालांकि सीबीपी ने अपने बयान में उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया लेकिन अर्टन विश्व कप में सोमालिया से एकमात्र रैफरी हैं। फीफा ने बाद में पुष्टि की कि अर्टन विश्व कप में ट्रेनिंग और रैफरी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था ने कहा, 'फीफा मेजबान देश की आव्रजन प्रक्रियाओं में शामिल नहीं होता, जिसमें वीजा से जुड़े फैसले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने हमें बताया है कि अर्टन की स्थिति में अभी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।'

### प्रज्ञानानंदा की वापसी से ले सकते हैं प्रेरणा : आनंद



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, 'मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं।' आनंद ने कहा, 'प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है। मुझे लगता है कि फॉर्म में बार-बार उतार-चढ़ाव आते रहेंगे।

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया-ए की श्रीलंका-ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका-ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुयांश शेड्गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत की टॉप-10 में वापसी अमेलिया नंबर-1 ऑलराउंडर



एजेंसी ▶▶| दुबई

*आईसीसी महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर ने टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक बार फिर शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। अमेलिया टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले ही टॉप पोजीशन पर लौटी हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। वहीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शीर्ष 10 में वापसी की है।*

### टॉप-10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। टॉपटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद कौर ने टॉप 10 में वापसी की है। टॉप-10 में अब तीन भारतीय खिलाड़ी हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 5वें जबकि शेफाली वर्मा बैटिंग रैंकिंग में 7वें नंबर पर काबिज हैं।*

### इंग्लैंड की खिलाड़ियों को फायदा

*सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड की खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। एलिस कैप्सी, जो सीरीज के निर्णायक मैच में 82 रनों की शानदार पारी खेलकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनी थीं, टी20 बल्लेबाजों की लिस्ट में 13 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गई हैं। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई हैं।*

# इंग्लैंड के कप्तान पर मंडराया टीम से बाहर होने का खतरा

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ी गस एटकिंसन पर टीम के नियम तोड़ने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड पर जीत का जश्न मनाने के दौरान ये दोनों खिलाड़ी तड़के एक घटना में शामिल थे। ईसीबी के अनुसार, 'सोमवार तड़के बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन एक नाइटक्लब में मौजूद थे, तभी एक घटना हुई।'

बयान के मुताबिक, 'हम अभी और जानकारी जुटा रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा सही समय पर की जाएगी।' ऑस्ट्रेलिया



के शर्मनाक एशेज दौरे के बाद जनवरी में इंग्लैंड की टीम पर फिर से कर्फ्यू लगाया गया था, जहां इंग्लैंड पर अधिक शराब पीने और गैरपेशेवर व्यवहार के आरोप लगे थे। एशेज के बाद इंग्लैंड ने अपने पहले टेस्ट में रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 17 जून से ओवल में खेला जाएगा।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरा : टी20 सीरीज से सिराज बाहर, कृष्णा को मौका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई ने बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने इस कदम को 'एहतियाती उपाय' बताया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 2 और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने



कहा, 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।' 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद सिराज को उनके काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम करने की सलाह दी गई है।' बीसीसीआई ने कहा, 'यह फैसला एहतियाती उपाय के तौर पर लिया गया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले उन्हें ठीक होने का पूरा समय मिल सके। पुरुष चयन समिति ने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सिराज की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है।'

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : अब चीन के हू झे आन से होगा मुकाबला

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालिफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी।




### मध्यप्रदेश में हर पांचवें दिन एक टाइगर की मौत, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

# बाघ बचाने के दावे, मौतों के बढ़ते साये...

- पांच महीने में 34 टाइगरों की मौत, बालाघाट, मंडला, बांधवगढ़ और पन्ना में लगातार मिल रहे शव
- करंट, संघर्ष और बीमारी बन रहे बड़ी वजह



संजय साहू

**जबलपुर।** देश में सबसे ज्यादा बाघों वाला राज्य मध्यप्रदेश अब टाइगरों की लगातार हो रही मौतों को लेकर चिंता के केंद्र में आ गया है। "टाइगर स्टेट" कहलाने वाले मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 के शुरुआती पांच महीनों में ही 34 टाइगरों की मौत दर्ज होने से वन विभाग और वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बालाघाट, मंडला, बांधवगढ़, पन्ना, कान्हा और सिवनी समेत कई वन क्षेत्रों में लगातार बाघों के शव मिलने से वन्यजीव प्रेमियों और विशेषज्ञों में चिंता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा मौतें कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सामने आई हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार केवल कान्हा क्षेत्र में ही अब तक 8 टाइगरों की मौत दर्ज की गई है। वहीं बांधवगढ़ में चर्चित टाइगर "पुजारी" की मौत ने भी पूरे देश का ध्यान खींचा था। वन विभाग ने उसकी मौत की वजह क्षेत्रीय संघर्ष बताई थी।

वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ते मानव हस्तक्षेप, जंगलों के आसपास अवैध करंट तार, शिकार, संक्रमण और क्षेत्रीय संघर्ष बाघों के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। कई मामलों में बाघों की मौत बिजली करंट और जहर से भी हुई है।

#### प्रमुख कारण

- क्षेत्रीय संघर्ष
- अवैध करंट तार
- बीमारी और संक्रमण
- मानव-वन्यजीव संघर्ष
- शिकार और जहर

#### अब तक का आंकड़ा

**2026 में अब तक मौतें** -34
**सबसे ज्यादा मामले-** कान्हा और बांधवगढ़
**प्रभावित जिले-** बालाघाट, मंडला, उमरिया, पन्ना, सिवनी
**2025 में बाघों की मौत** - 55

#### हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला

बढ़ती मौतों को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने सरकार और वन विभाग से जवाब मांगा है। मामले में कहा गया कि टाइगर संरक्षण के बड़े दावों के बावजूद मौतों का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

#### बीमारी ने भी बढ़ाई चिंता

हाल ही में कान्हा क्षेत्र में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (**CDV**) संक्रमण का मामला सामने आने के बाद **NTCA** ने अलर्ट जारी किया था। संक्रमण से बाघों की मौत की आशंका के बाद आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है।

#### टाइगर स्टेट की छवि पर असर

मध्यप्रदेश देश में सबसे अधिक बाघों वाला राज्य है। वर्ष 2022 की गणना के अनुसार प्रदेश में 785 से अधिक टाइगर पाए गए थे। लेकिन लगातार बढ़ती मौतें अब "टाइगर स्टेट" की छवि पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संरक्षण की वर्षों की मेहनत पर असर पड़ सकता है।

## चाकू से हमला करने वाले को छह माह का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राहुल छत्री की अदालत ने धारदार चाकू से हमला करने के आरोपी जबलपुर निवासी शनि उर्फ मयंक दुबे का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ छह माह के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन के अनुसार 18 सितंबर, 2014 को सुरेश केशरवानी ने विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि वे अपनी होटल की ओर आ रहे थे, इसी दौरान आरोपी ने रास्ता रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी। यही नहीं कमर में खोंसकर रखा गया चाकू निकालकर हमला कर दिया। इस वजह से खून की धार निकल गई। तत्काल अस्पताल ले जाया गया। तब जाकर जान बची।




## छिंदवाड़ा कफ सीरप मामला : हाईकोर्ट ने निरस्त की डाक्टर की जमानत अर्जी

*20 से अधिक बच्चों की हुई थी मौत*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा के बहुचर्चित जहरीले कफ सीरप कांड में आरोपित बाल रोग विशेषज्ञ डा. एसएस ठाकुर को जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आरोपी डॉक्टर की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आवेदक परासिया निवासी डा. ठाकुर ने दावा किया था कि वे 45 वर्षों से बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें कफ सीरप में मिलावट की कोई जानकारी नहीं थी और न ही निर्माता या वितरक से उनका कोई संबंध था। उनका कहना था कि बच्चों की मौत प्रतिबंधित दवा से नहीं, बल्कि सीरप में पाए गए जहरीले तत्व डायथिलीन ग्लाइकोल के कारण हुई।

राज्य शासन की ओर से जमानत अर्जी का कड़ा विरोध करते हुए तर्क दिया गया कि चार वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रतिबंधित दवा लिखना गंभीर लापरवाही का परिचायक है। मामले में प्रारंभिक साक्ष्य मजबूत हैं तथा आरोपित की भूमिका अत्यंत गंभीर है। ऐसे संवेदनशील प्रकरण में जमानत से जनविश्वास प्रभावित होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया।

#### केंद्र के प्रतिबंध का नहीं किया गया पालन

कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक निर्देशों के बावजूद चार वर्ष से कम आयु के बच्चों को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन वाली दवा लिखी गई, जिसके गंभीर परिणाम सामने आए और कई मासूमों की जान चली गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240